म्हारो लक्ष्य - राष्ट्र री प्रगति
स्थापित 1935

# समाज विकास

एक समाज श्रेष्ठ समाज

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• जून २०२४ • वर्ष ७५ • अंक ०६
मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००

## नव-निर्वाचित सांसद राजेश वर्मा का सम्मान




१६ जून २०२४: बिहार दौरे के दौरान राष्ट्रीय पदाधिकारियों के भागलपुर पहुँचने पर भागलपुर शाखा द्वारा आयोजित सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया ने नव-निर्वाचित सांसद राजेश वर्मा का सम्मान किया। चित्र में परिलक्षित हैं- राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया, महामंत्री कैलाशपति तोदी, प्रांतीय अध्यक्ष युगल किशोर अग्रवाल, सांसद राजेश वर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश जैन, नगर शाखाध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल एवं अन्य।

## सिक्किम दौरे पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों का अभिनंदन समारोह




०८ जून २०२४ : राष्ट्रीय पदाधिकारियों के सिक्किम दौरे पर गंगटोक में अभिनंदन समारोह का आयोजन। चित्र में परिलक्षित हैं - राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया, महामंत्री कैलाशपति तोदी, प्रांतीय अध्यक्ष रमेश पेड़ीवाल, प्रांतीय महामंत्री सुरेश कुमार अग्रवाल एवं अन्य।

### बधाई !



आंध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के नव-निर्वाचित अध्यक्ष
**श्री ओम प्रकाश अग्रवाल**



महाराष्ट्र प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के नव-निर्वाचित अध्यक्ष
**श्री निकेश गुप्ता**

### इस अंक में

**संपादकीय**
- ये राहें तबाही के घर जा रही हैं

**आपणी बात**
- शाखाओं में सदस्यों से हो रहा सार्थक संवाद

**प्रादेशिक समाचार**
- पूर्वोत्तर, पश्चिम बंग, उत्कल, बिहार
- छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश

विशेष पेज-१७

**संस्कार-संस्कृति चेतना**
- पर्यावरण की सचाई
- ज्ञान गंगा, बूझो तो जाने, प्रेरक प्रसंग
- महाराणा प्रताप जयंती,

**रपट**
- सोच-प्रकृति, पृथ्वी और पर्यावरण की स्थिति पर विचार करने की जरूरत : श्री लोहिया
- सम्मेलन से जुड़कर समाज को सशक्त बनाएँ : शिव कुमार लोहिया

CENTURYPLY®

CENTURYPLY®
CENTURYLAMINATES®
CENTURYVENEERS®
CENTURYDOORS®
CENTURYEXTERIA®
Decorative Exterior Laminates
CENTURYPVC®
CENTURYPARTICLEBOARD®
The Eco-friendly and Economical Board
CENTURYPROWUD®
MDF-The wood of the future
zykron
FIBRE CEMENT BOARDS & PLANKS
SAINIK 710
WATERPROOF PLY
SAINIK LAMINATES™
BOLD & BEAUTIFUL

CENTURY PLYBOARDS (INDIA) LTD.
Century House, P-15/1, Taratala Road, Kolkata - 700 088
For any queries, SMS 'CPIL' to 56070 or call us on 1800 5722 122

# समाज विकास

◆ जून २०२४ ◆ वर्ष ७५ ◆ अंक ६
◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००

## अनुक्रमणिका

शीर्षक — पृष्ठ संख्या

- **संपादकीय :** — ४
  ये राहें हमें कहाँ ले जा रही हैं?
- **आपणी बात : शिव कुमार लोहिया** — ५
  शाखाओं में सदस्यों से हो रहा सार्थक संवाद
- **रपट**
  उत्तर बंगाल, सिक्किम एवं बिहार दौरा — ६-१५
  सम्मेलन से जुड़कर समाज को सशक्त बनाएँ — १२
  प्रकृति, पृथ्वी, पर्यावरण की स्थिति पर विचार — १६

विशेष **संस्कार-संस्कृति चेतना**

  हमारे पर्यावरण की सचाई — २०
  महाराणा प्रताप जयंती विशेष — २०
  ज्ञान गंगा, बूझो तो जानें — २१
- **प्रादेशिक समाचार**
  पूर्वोत्तर, प. बंग, झारखंड, छत्तीसगढ़ — २३-३५
  गुजरात, उत्कल, आंध्र प्रदेश
- **संस्मृति**
  ओंकारमल अगरवाला : साधक, समन्वय — ३६

**स्वत्वाधिकारी**

**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन**
**All India Marwari Federation**

**प्रशासनिक एवं संपर्क कार्यालय : ४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**
**फोन : ०३३-४००४ ४०८९**

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिए **भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

**◆ प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा ◆ संपादक : शिव कुमार लोहिया**

प्रकाशित रचनाओं से संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

## चिट्ठी आई है

'संस्कार-संस्कृति-चेतना' समाज विकास के स्थायी स्तंभ में बच्चों के लिए विशेष लेख, जानकारी, प्रेरक कहानियाँ, कविताएँ आदि जनवरी २०२४ से प्रकाशित की जा रही है। समाज विकास के संपादक मंडल का यह प्रयास निश्चित ही सराहनीय है। पर इसका लाभ समाज को तभी मिलेगा जब अपेक्षित पात्र तक यह जानकारी पहुँचाई जाए।

अत: सभी शाखा अध्यक्षों विशेष कर महिला शाखाओं के अध्यक्षों से अनुरोध है कि इस स्तंभ में प्रकाशित सभी जानकारी आप आपके शहर में सम्मेलन सहित मारवाड़ी समाज के जितने भी व्हाट्स एप ग्रुप हैं, उसमें प्रेषित करें व साथ सभी माताओं व बहनों से अपील भी करें की यह जानकारियाँ अपने-अपने बच्चों को विभिन्न माध्यम से शेयर करें।

– **राज कुमार सराफ**, नॉर्थ लखीमपुर, असम, मो. ९४३५०८५०५८

विधान परिषद के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से आने वाले विधान पार्षद के चुनाव में स्नातक वोटर द्वारा मत दिया जाता है। यह हमारे समाज का सौभाग्य है कि आज के समय में महिला हो या पुरुष, अधिकांश लोग स्नातक तक की पढ़ाई अवश्य करते हैं। ऐसी स्थिति में हम अपने वोट द्वारा इस सीट के लिए निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

वर्तमान में मेरी जानकारी के अनुसार भारत के कुल ६ राज्यों में द्विसदनीय विधायिका है। ये राज्य बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश हैं।

मेरा सुझाव था कि इस बारे में राष्ट्रीय स्तर पर संयोजक बना कर पहल की जानी चाहिए। इससे राजनीतिक क्षेत्र में हमारे समाज की सीधी पैठ होगी। अगर क्रमशः इसमें ध्यान दिया गया तो ईश्वर की कृपा से कुछ क्षेत्रों में हम अपने मन मुताबिक विधान पार्षद चुन पाएंगे। वर्तमान में आपके नेतृत्व में सम्मेलन की सक्रियता को देखते हुए मैंने सुझाव देने हेतु कदम बढ़ाया है। अब आपका निर्णय सर्वोत्तम होगा। धन्यवाद!

– **राजेश कुमार सुन्दरका,** क्षेत्रीय मंत्री, बिहार व सीतामढ़ी शाखा

*अन्य पत्र पेज १४ पर...*

**संपादकीय टिप्पणी :** सुन्दरका जी आपने अपनी रपट में आवश्यक बिंदुओं पर प्रकाश डाला है। आपसे दूरभाष पर इस संबंध में बात हुई है और मैंने आपसे अनुरोध किया है कि इस विषय पर हम कैसे आगे बढ़ें उसका एक विस्तृत रूपरेखा तैयार कर हमें दें, जिससे हम आगे की कार्रवाई कर सकें।

### सम्मेलन मंच

**लोकसभा चुनाव के पश्चात इस महीने एक नई केंद्रीय सरकार ने पदभार ग्रहण किया है। 'एक जागरूक नागरिक के तौर पर इस सरकार से आपकी क्या अपेक्षाएँ हैं' विषय पर ५०० शब्दों में १५ जुलाई २०२४ तक अपने विचार हमें aimf1935@gmail.com या व्हाट्सएप्प ८६९७३१७५५७ पर भेजें। सर्वोत्तम तीन विचार को पुरस्कृत किया जाएगा।**

# ये राहें हमें कहाँ ले जा रही हैं?



हाल ही में पुणे में पोर्से गाड़ी के तेज गति से एक बाइक को टक्कर मारने की घटना समाचार पत्रों, दूरदर्शन के विभिन्न चैनलों पर छाई हुई है। घनाढ्य परिवार के एक १७ वर्षीय युवा ने शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए इस घटना को अंजाम दिया। फलस्वरूप एक पुरुष एवं एक महिला की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। कानूनन महाराष्ट्र में २५ वर्ष की उम्र के पहले मद्यपान वर्जित है एवं १८ वर्ष के पहले गाड़ी चलाना वर्जित है।

लड़का यह दोनों काम सिर्फ घटना वाले दिन ही नहीं उसके बहुत पहले से घड़ल्ले के साथ कर रहा था। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर यह पता चलता है कि वह शहर के मदिरालय में रात्रि २ बजे तक मद्यपान करने का आदी था एवं इस पर लाखों रुपए खर्च करता था। उस लड़के को बचाने के लिए कितने तरह के गैरवाजिब हथकंडे अपनाए गए, ये बातें सब अब सुर्खियों में आ चुकी हैं। अतः उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार की घटना इस बात को पुष्ट करती है कि संस्कार के बिना धन देना विनाशकारी होता है।

हम बात करना चाहेंगे कि इस प्रकार के घटनाक्रम के परिप्रेक्ष्य में समाज किस तरह से काबू से बाहर होते जा रहा है। इस प्रकार की घटनाएँ अब किसी को चौंकाती नहीं हैं। मद्यपान अब आम हो चुका है। अनैतिक एवं गैरकानूनी आचरण आम हो चुका है। अभिभावकों को पैसे कमाने से फुर्सत नहीं एवं उनके बच्चों को उन पैसों को उड़ाने से फुर्सत नहीं। हम सब यह जानते हैं कि मद्यपान से हानि छोड़कर लाभ कुछ भी नहीं, पर सिर्फ समाज में अपना स्टेटस बनाने के लिए मद्यपान किया जा रहा है। जब बच्चे पीते-पीते इतने आदी हो जाते हैं कि मद्यपान में भी उन्हें वह 'मजा' आना बंद हो जाता है तो वे ड्रग एवं अन्य व्यसनों का रुख कर लेते हैं।

सोच का अकाल पड़ गया है। सब धारा में बहे जा रहे हैं। मदिरालय एवं पोर्से गाड़ी की चकाचौंध में हमारा समाज डूबता जा रहा है। इन सबों के साथ स्वयं को जोड़कर हम गौरवान्वित एवं मदहोश होते जा रहे हैं। किसी शायर ने ठीक ही कहा है –

**हमें बहुत खूबसूरत नजर आ रही है**
**ये राहे तबाही के घर जा रही है।**

अपने मारवाड़ी में कहावत है –

**ऊँचो चढ़कर देखो**
**घर-घर योई लेखो**

एक दूसरे से आगे जाने की होड़ लगी है। कहाँ जा रहे हैं – इसे सोचने की फुर्सत नहीं है। कहा गया है कि वर्षा नहीं होती तो फसलें खराब होती हैं और संस्कार नहीं होने से नस्लें खराब होती हैं और हो भी रही है। हम यह भी नहीं कह सकते कि युवा काबू के बाहर होते जा रहे हैं, क्योंकि उन्हें काबू में रखने का कोई प्रश्न नहीं उठाता। जिन्हें उनको काबू में रखना चाहिए वही तो उन्हें परोक्ष या अपरोक्ष रूप से उस तरफ धकेल रहे हैं। अकबर इलाहाबादी का एक बहुत ही प्रसिद्ध शेर है कि –

**तिफ्ल मे बू आए कैसे माँ-बाप के अतवार की?**
**दूध तो डिब्बे का है तालीम है सरकार की।**

आज तो हालत यह है कि अभिभावक स्वयं ही चकाचौंध से भ्रमित हैं तथा अतीव आधुनिकता एवं विकास के ताम-झाम से भ्रमित अपने जड़ों को उखाड़ रहे हैं। हम अपनी भाषा, खान-पान, वेश-भूषा, रिश्तेदारी के मानक, संस्कार-संस्कृति को छोड़ते जा रहे हैं। ताऊ-ताई, चाचा-चाची, मामा-मामी, बुआ-फूफा, जीजा-साला, बहन-बेटी जैसे रिश्ते शनैः-शनैः ओझल होते जा रहे हैं एवं अंकल-आंटी में सिमट कर रह गए हैं। मियां-बीवी भी अब ज्यादातर समय अपने-अपने पसंद-नापसंद में एकांकी जीवनयापन कर रहे हैं। सामाजिक मापदंड एवं सामाजिकता छिन्न-भिन्न हो रही है। विवाह संस्थान के सब उसूल ताक पर रखे जा रहे हैं। मानव एक मशीन बनता जा रहा है। संवेदनाएँ, भावनाएँ, करुणा सब मर रही है।

सम्मेलन पिछले कुछ वर्षों से समाज को इस विषय पर सचेत करता आ रहा है। पिछले सत्र का नारा था – 'संस्कारों की नाव पर, समय की धार पर।' नाव में अगर छोटे से छोटा भी सुराख हो जाए तो नाव को डूबने से कोई नहीं बचा सकता, जब तक कि उस सुराख को बंद नहीं किया जाए। पर उस नाव का क्या हस्र होगा जो कि छिद्रों से छलनी हो गई हो? वर्तमान हालात का चित्रण इन पंक्तियों से किया जा सकता है –

**दिल के फफोले जल उठे सीने के दाग से**
**इस घर को आग लग गई घर के चिराग से**

हमने स्वयं अपनी युवा पीढ़ी के जीवन से राम-राम को निकाल कर हाय-हेलो से भरा है। आवश्यकता है वापस हम बुनियादी बातों पर लौट आएँ। अपने को चकाचौंध के मायाजाल से बाहर निकाले। हमारे संस्कार-संस्कृति को हम अपनाएँ। हमारे बच्चों को मौलिक नैतिक शिक्षा प्रदान करें। अपने आचरण के द्वारा बच्चों को शिक्षित करें। भारतीय संस्कृति एक आध्यात्मिक संस्कृति है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने अपने जीवन को हमारे जीवनमूल्यों को सिर्फ परिभाषित ही नहीं किया, बल्कि आचरण के द्वारा हमारे लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। हम भगवान राम के मूर्ति की पूजा करते हैं पर उनके आदर्शों को अपने जीवन में नहीं उतारते। ठीक इसके विपरीत हम पाश्चात्य सभ्यता की गुलामी स्वीकार करते हैं। जो सफलता का झुनझुना हमें पैसा कमाने के रूप में देता है। हमें यह समझना होगा कि हमारा अधिकार हमारे कमाए हुए पैसों पर उतरता ही है, जितना कि हमारी बुनियादी जरूरत को पूरा करने के लिए आवश्यक है। पिछले कुछ महीनों से 'समाज विकास' में भी हर अंक में संस्कार-संस्कृति चेतना पर सामग्रियाँ दी जा रही हैं। यह देख करके निराशा होती है कि अभी तक एक भी प्रतिक्रिया इस विषय में प्राप्त नहीं हुई है। सभी प्रांतों से सादर अनुरोध है कि शाखाओं के माध्यम से सभी परिवारों में इसकी जानकारी दें। इस संबंध में सभी समाज-बंधुओं की प्रतिक्रिया एवं सुझावों का स्वागत है। समस्या की बात नहीं करके हम समाधान पर अपना ध्यान केंद्रित करें और इस ओर आवश्यक कदम उठाएँ। क्योंकि, कहा गया है कि जब जागे तभी सवेरा।

आपणी बात



# शाखाओं में सदस्यों से हो रहा सार्थक संवाद

२०२४ के लोकसभा चुनाव के नतीजे के फलस्वरूप श्री नरेंद्र मोदी ने तृतीय बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार को संभाला है। समाज एवं सम्मेलन परिवार की ओर से उनकी सरकार को अनेकानेक शुभकामनाएँ! हमारा ध्येय वाक्य ही है – 'म्हारो लक्ष्य राष्ट्र री प्रगति।' श्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र प्रगति करे यही हमारी कामना है एवं पूरा समाज इस उद्देश्य के प्रति समर्पित है। चुनाव के पहले राजनीतिक चेतना कार्यक्रम के तहत सम्मेलन ने इस बारे में काफी जोर-शोर से शत-प्रतिशत मतदान के लिए केंद्रीय कार्यालय एवं प्रांतों में प्रयास चलाया था, जिसका विवरण 'समाज विकास' के इस अंक में अन्यत्र दिया गया है।

**प्रांतो का दौरा**

जून माह में मुझे उत्तर बंग, सिक्किम एवं बिहार स्थित शाखाओं का दौरा करने का अवसर प्राप्त हुआ। मेरी समझ में इस प्रकार के दौरों का मुख्य उद्देश्य होता है सदस्यों के साथ आपसी संवाद स्थापित करना एवं उनको सम्मेलन एवं इसके उद्देश्यों, कार्यक्रमों के विषय में जानकारी देना; समाज की वर्तमान स्थिति पर वार्तालाप करना एवं सर्वोपरि शाखा स्तर एवं सदस्यों की उपर्युक्त सभी विषयों पर विचार सुनना एवं उनके जिज्ञासा को शांत करना। साथ ही साथ संगठन विस्तार की आवश्यकता एवं महत्व पर जोर देना। सदस्यों, शाखा एवं प्रांत पदाधिकारी से मिली प्रतिक्रिया से ऐसा आभास होता है इस दृष्टि में यह दौरा अत्यंत सफल रहा है। पटना में भूतपूर्व प्रादेशिक अध्यक्षों से भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। इस संबंध में बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री विनोद तोदी, सिलीगुड़ी शाखा के शाखा मंत्री श्री अरुण कंदोई एवं समाज-बंधुओं से मिली प्रतिक्रियाएँ 'समाज विकास' के इस अंक में प्रकाशित की जा रही है। इस बात को स्वीकार करने में मुझे कोई हिचक नहीं कि इस प्रकार के दौरों से प्राप्त अनुभव से मुझे बहुत कुछ समझने एवं सीखने को मिलता है। सम्मेलन का वास्तविक स्वरूप शाखाओं में सदस्यों के बीच जाकर ही समझ में आ सकती है। जलपाईगुड़ी, मयनागुड़ी एवं सिलीगुड़ी शाखाओं के कार्यक्रमों में हमलोगों ने भाग लिया। सभी जगह सदस्यों का उत्साह देखते ही बनता था। सिलीगुड़ी शाखा में डॉ. आर. के. अग्रवाल शाखाध्यक्ष एवं श्री अरुण कंदोई ने शाखा मंत्री का पदभार भी ग्रहण किया। सिलीगुड़ी शाखा की सभा में आस-पास के क्षेत्र से कई शाखाओं के पदाधिकारीगण पधारे थे, यथा– दार्जिलिंग, कर्सियांग, जलपाईगुड़ी एवं मालदा। सिलीगुड़ी शाखा एक मजबूत शाखा है, यहाँ पर अनेक संभावनाएँ हैं। गंगटोक में सिक्किम प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना को एक वर्ष हुए हैं। सर्वप्रथम १८८९ में राज महल के निकट पाँच दुकानें मारवाड़ियों ने स्थापित की थी। मारवाड़ी समाज शनैः-शनैः सिक्किम में अपनी व्यापारिक पैठ बढ़ाई है। आज के राजनीतिक परिदृश्य में मारवाड़ी समाज की भी पैठ है। श्री संदीप मालू गंगटोक कॉर्पोरेशन में नगर पार्षद हैं और वह सत्ताधारी दल के सदस्य हैं। विशेष करके सभा में नजदीक के अन्य शहरों से आए हुए समाज-बंधुओं की उपस्थिति अत्यधिक उत्साहवर्धक थी। मुझे पाक्योंग, रेनॉक, रानीपुल, ताडोंग एवं सिंगताम इन पाँच स्थानों में सम्मेलन की नई शाखा खुलने की संभावनाएँ दिख रही हैं। महिलाओं की उपस्थिति गंगटोक की सभा में अच्छी रही। १५ एवं १६ जून को बिहार दौरे के तहत राष्ट्रीय महामंत्री के साथ भव्य स्वागत के बीच हम भागलपुर पहुँचे। तत्पश्चात अग्रसेन चौक में महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करने का शुभ अवसर हमें प्राप्त हुआ। भागलपुर में समाज द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न संस्थाओं का अवलोकन करने का भी मुझे शुभ अवसर प्राप्त हुआ। भागलपुर शाखा के भव्य समारोह में सद्य निर्वाचित सांसद मारवाड़ी समाज के ही श्री राजेश वर्मा खास रूप से उपस्थित थे। श्री वर्मा खगड़िया संसदीय क्षेत्र से लोक जनता दल प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित हुए हैं। अपने वक्तव्य में समाज के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा कि हम आपके सहयोग से ही सांसद बन पाए हैं। इस अवसर पर सामाजिक कार्यों के लिए श्री वर्मा को समाज एवं सम्मेलन की ओर से सम्मानित करने का मुझे गौरव प्राप्त हुआ। नवगछिया एवं खगड़िया में भी सहृदय एवं उत्साही शाखा पदाधिकारी एवं समाज-बंधुओं से संवाद स्थापित किया। बेगूसराय शाखा एक सक्रिय शाखा है पिछले वर्ष किए गए उनके कार्यक्रमों के बारे मे जानकर प्रसन्नता हुई। दीपावली पर उन्होंने सदस्यों से अपने घर की सजावटपर वीडियो बनाकर भेजने की प्रतियोगिता आयोजित की थी जोकि मेरे विचार से एक अभिनव कार्यक्रम है। दौरे का समापन पटना नगर शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री नर्मल झुनझुनवाला, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री महेश जालान, पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष श्री कमल नोपानी, श्री विनोद तोदी की उपस्थिति उल्लेखनीय थी। प्रायः सभी जगह महिला सम्मेलन एवं युवा मंच के सदस्यों से भी संवाद करने का मौका मिला। संवाद के माध्यम से समाज-बंधुओं से मैं समाज में बढ़ती हुई नई-नई विसंगतियों एवं कुरीतियों के विषय में विस्तार से चर्चा की। साथ ही साथ राजस्थानी भाषा के घटते हुए प्रयोग के विषय में भी बातें हुई। सभी जगह मुझे सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। इतने बड़े तादाद में सम्मेलन से जुड़े उत्साही कर्मठ लोगों से मिलना अपने आप में एक सुखद अनुभूति है। इन अनुभूतियों को शब्दों में उतारना एक दुरूह कार्य है। पिछले १ वर्षों में जगह-जगह समाज-बंधुओं से मिलना, उनसे संवाद करना, उनको अपने मित्र मंडली में शामिल करना मेरे लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह प्रभु का आशीर्वाद है। इनसे मिल करके सम्मेलन के वास्तविक स्वरूप का अहसास होता है। इतनी जगह समाज के प्रति समर्पित बंधुओं से मिलकर मैं अपने को ऊर्जावान महसूस करता हूँ। इसमें कोई शक नहीं की सम्मेलन ने एक बहुत लंबी यात्रा तय की है और इस यात्रा के दौरान एक मजबूत आधार का निर्माण हो चुका है। लगन, निरंतर क्रियाशीलता एवं दूरदर्शिता के द्वारा हम हमारी शक्तियों को क्रियान्वित कर अपेक्षित फल प्राप्त कर सकते हैं। हम यह तो जानते हैं कि हम क्या हैं, पर हम यह नहीं जानते कि हम क्या बन सकते हैं। इन संभावनाओं को मूर्त रूप देने के लिए वर्तमान सत्र की टीम पूरी ऊर्जा के साथ प्रयत्नशील है। शाखाओं के मजबूत होने से ही सम्मेलन में मजबूती आएगी। अगर हम वृक्ष को हरा-भरा करना चाहते हैं तो हमें उसके जड़ को सींचना होगा। सम्मेलन का मूल शाखाओं में है। शाखाओं में इन उम्दा कार्यकर्ताओं के बीच जाकर सम्मेलन के भविष्य के प्रति मैं आश्वस्त हूँ। आपके आशीर्वाद एवं सहयोग से हम आगे बढ़ते जाएँगे, यह हमारा संकल्प है।

**शिव कुमार लोहिया**

# सम्मेलन के निर्धारित उद्देश्यों को लागू करने में सहायक हो सकती हैं महिलाएँ




७ जून को मारवाड़ी सम्मेलन, जलपाईगुड़ी शाखा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया तथा राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी के पहले दौरे के दौरान भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया, जिसमें पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल भी शामिल रहे। जलपाईगुड़ी शाखाध्यक्ष शंकर मलका शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद पूरे समय समारोह में मौजूद रहे। जलपाईगुड़ी शाखा के पदाधिकारी श्री सीतानी ने शाखा द्वारा किए गए कार्यों पर संक्षिप्त टिप्पणी की तथा मारवाड़ी समाज के उत्थान के लिए कुछ सुझाव भी दिए। नंदकिशोर अग्रवाल ने अपने संबोधन में राज्य द्वारा उठाए गए विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख किया तथा शाखा की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। राष्ट्रीय महामंत्री ने अपने संबोधन में सम्मेलन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, व्यवसाय तथा सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उठाए गए विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में जलपाईगुड़ी शाखा के सदस्यों की संख्या बढ़ाने का आह्वान किया। साथ में सम्मेलन में महिलाओं को भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। आगे उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएँ सम्मेलन द्वारा निर्धारित उद्देश्यों को लागू करने में बहुत सहायक हो सकती हैं। उन्होंने सभी सदस्यों को एकजुटता बनाने के लिए प्रेरित किया, ताकि किसी भी चुनौती का सामना किया जा सके। श्री लोहिया ने शाखा की सदस्य खुशबू की प्रशंसा करते हुए कहा कि खुशबू वास्तव में प्रतिभाशाली हैं तथा उन्होंने मारवाड़ी भाषा में कार्यक्रम का संचालन बहुत अच्छे ढंग से किया। राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने जलपाईगुड़ी शाखाध्यक्ष शंकर मलाका, महामंत्री प्रदीप सितानी को ममेंटो व अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

# उत्तर बंगाल की शाखाओं के दौरे का मेरा अनुभव



**– पवन जालान**
राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री, अ.भा.मा.स.

मुझे, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया और राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी के दौरे के दौरान ७ से ९ जून २०२४ तक उत्तर बंगाल की कुछ शाखाओं का दौरा करने का सौभाग्य मिला। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के जलपाईगुड़ी शाखा के अध्यक्ष शंकर मलका, हालांकि हाल ही में उनकी बाईपास सर्जरी हुई थी, पूरे समय समारोह में मौजूद रहे। जलपाईगुड़ी शाखा के पदाधिकारी श्री सीतानी ने शाखा द्वारा किए गए कार्यों पर संक्षिप्त टिप्पणी की तथा मारवाड़ी समाज के उत्थान के लिए कुछ सुझाव भी दिए। नंदकिशोर अग्रवाल ने अपने संबोधन में राज्य द्वारा उठाए गए विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख किया तथा शाखा की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। राष्ट्रीय महामंत्री ने अपने संबोधन में सम्मेलन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, व्यवसाय तथा सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उठाए गए विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख किया। श्री शिव कुमार लोहिया ने अपने संबोधन में जलपाईगुड़ी शाखा के सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया, जिसमें वर्तमान में केवल ५५ सदस्य हैं तथा महिलाओं को भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि शाखा की सदस्य खुशबू वास्तव में प्रतिभाशाली हैं तथा उन्होंने मारवाड़ी भाषा में कार्यक्रम का संचालन बहुत अच्छे तरीके से किया। मैंने नंदकिशोर अग्रवाल के साथ राम अवतार बरेलिया के सहयोग से इस शाखा को खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

मेरा मानना है कि सदस्यों में जो उत्साह है, उससे हम बहुत कुछ कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें प्रांतीय कार्यालय से मार्गदर्शन और हमारी ओर से सहयोग की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है कि हमारा यह दौरा इस शाखा को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमने मैनागुड़ी शाखा का भी दौरा किया, जहाँ ४३ मारवाड़ी घर हैं और जहाँ हमारे २५ सदस्य हैं, लेकिन इतनी छोटी शाखा के सदस्यों का उत्साह वास्तव में शानदार था। ९ जून को सिलीगुड़ी शाखा द्वारा नए अध्यक्ष डॉ. आर. के. अग्रवाल का पदभार ग्रहण समारोह और राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री का स्वागत समारोह सिद्धि विनायक हॉल में बहुत बड़ी सभा हुई। श्री विष्णु केडिया द्वारा की गई व्यवस्था उल्लेखनीय है और हम सभी के किए गए सम्मान को कभी नहीं भूलेंगे। इस समारोह में प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री विश्वनाथ भुवालका भी शामिल हुए। मैंने श्री राम अवतार बरेलिया और श्री राम कुमार अग्रवाल के योगदान के बारे में उल्लेख करने का अवसर लिया, जिन्होंने २५० सदस्यों के साथ इस शाखा को खोलने में मेरा सहयोग किया था। इसमें अन्य उत्तर बंगाल शाखाओं यानी दार्जिलिंग, कर्सियांग, जलपाईगुड़ी, मालदा, अलीपुरद्वार आदि के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी भाग लिया और सभी उत्तर बंगाल शाखाओं के समन्वयक श्री प्रदीप सितानी के मार्गदर्शन में एकजुट होकर काम करने की शपथ ली। डॉ. आर. के. अग्रवाल ने अपने संबोधन में सामाजिक कार्य की अपनी योजना और कार्यक्रम का विवरण दिया और विभिन्न अन्य संस्थाओं को सम्मानित करने में भी शामिल हुए, जिन्होंने वास्तव में हमारे समाज के उत्थान के लिए सिलीगुड़ी में बहुत अच्छा काम किया है। मैं इस समारोह की प्रतिक्रिया से अभिभूत हूँ और उम्मीद करता हूँ कि वे हमारे द्वारा निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी लगन से काम करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि हमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है, जिसकी इस शाखा में उपस्थिति नहीं है और पदाधिकारियों से बड़ी संख्या में महिलाओं को शामिल करने का अनुरोध किया। उन्होंने, आगे सम्मेलन के गठन के उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला।

# शपथ ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह



पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, सिलीगुड़ी शाखा ने अपने वार्षिक आम सभा का आयोजन किया, जिसमें वर्ष २०२४-२६ के लिए नए अध्यक्ष और सचिव का चुनाव हुआ। डॉ. आर. के. अग्रवाल को अध्यक्ष और अरुण कंदोई को सचिव के रूप में चुना गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री पवन जालान, प्रांतीय अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ भुवालका, शाखा अध्यक्ष विष्णु केडिया, सिलीगुड़ी के भीष्म पितामह राम अवतार बरेलिया व विभिन्न संस्थाओं से आए गणमान्य समाज-बंधु शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया ने उपस्थित समाज-बंधुओं को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के संक्षिप्त इतिहास के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि पिछले गुवाहाटी अधिवेशन में समाज-सुधार के विषय में तीन प्रस्ताव पास हुए हैं, यथा – प्री वेडिंग शूटिंग का सार्वजनिक प्रदर्शन वर्जित हो, वैवाहिक समारोह में मद्यपान परिवेशन वर्जित हो तथा शादी विवाह के बारात में महिलाओं का सड़क पर नृत्य बंद हो। राजस्थानी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए भी प्रस्ताव पारित किए गए हैं। उन्होंने समाज-बंधुओं का आह्वान किया कि इन प्रस्तावों को कारगर करने के लिए एवं समाज में उनके समर्थन में सकारात्मक माहौल बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा सम्मेलन पिछले ८९ वर्ष से समाज की सेवा में रत है। हम सम्मेलन को जितना मजबूत बनाएंगे, उतना ही सम्मेलन समाज की सेवा कर सकेगा। लोहिया ने नए शाखाध्यक्ष एवं उनकी टीम को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज की बैठक की उपस्थिति बताती है कि यहां पर मारवाड़ी सम्मेलन के लिए अपार संभावनाएं हैं। यहां का समाज जागृत समाज है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी दिनों में मारवाड़ी सम्मेलन की यह नई शाखा नए नेतृत्व में नई उचाईयाँ हासिल करेगा। मैंने और राष्ट्रीय महामंत्री ने इन दो दिनों में सम्मेलन के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मेलन के बारे में श्रोताओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि समस्या कैसी भी हो, हम उसका मिलकर समाधान करेंगे। राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने सिलीगुड़ी शाखाध्यक्ष विनोद केडिया, सचिव अरुण कंदोई का ममेंटो व अभिनंदन पत्र तथा समाज-बंधु राम अवतार बरेलिया, ओमप्रकाश अग्रवाल, संपतमल संचेती, राम कुमार गोयल, केशरीचंद अग्रवाल, संत सदानंद महाराज को ममेंटो व सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. आर. के. अग्रवाल ने समाज की सेवा में कई योजनाओं की घोषणा की, जिनमें उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक अनुदान, परमानेंट प्रोजेक्ट का संकल्प एवं समय-समय पर सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है। सचिव अरुण कंदोई ने पिछले कार्यकाल का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि सितंबर २०१९ में शाखा के शुभारंभ के तुरंत बाद वर्तमान उपराष्ट्रपति एवं तत्कालीन पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ एवं उनकी धर्मपत्नी का सम्मान किया गया। कोरोना काल में संस्था की ओर से खाद्य वितरण एवं अन्य आवश्यक सामानों का वितरण, सिलीगुड़ी नगर निगम में मारवाड़ी समाज के पांच काउंसिलरों का सम्मान और राजस्थान सरकार के मंत्री भंवरलाल मेघवाल का सम्मान जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया। इसके अलावा २८ मार्च २०२४ को सिद्धि विनायक हॉल में रंगारंग होली का कार्यक्रम 'कान्हा के संग होली' का आयोजन हुआ। संस्था ने विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के उत्थान और सेवा के लिए समर्पण को दर्शाया है। डॉ. आर. के. अग्रवाल के नेतृत्व में सम्मेलन को नई उंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया गया।

## पश्चिम बंगाल दौरे पर आई प्रतिक्रिया



राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सिलीगुड़ी शाखा के दौरे के दौरान 'समाज विकास' का मई अंक प्राप्त हुआ। शाखा उद्बोधन के करीब पांच सालों बाद पत्रिका का प्रिंट एडिशन देखकर मैं आश्चर्यचकित रह गया, इतने सारे स्तम्भों को संजोए यह समाज के लिए कितनी उपयोगी पत्रिका है। सही कहूं तो अभी तक यह भी संज्ञान में नहीं था सम्मेलन का उद्देश्य क्या है। इस पत्रिका में विस्तार से गतिविधियां, सारी उपसमितिओं का ब्योरा, समयानुसार समाज जागरण पर लेख बहुत ही उपयोगी है। विशेष रूप से 'विवाह समारोह या तमाशा', डॉ. दिनेश जैन द्वारा लिखित हमारे संस्कार, एवं डॉ. चेतन स्वामी ने राजस्थानी भाषा के उत्थान के लिए जरूरी बातें बताई वह अतुलनीय है। मेरा निवेदन है 'समाज विकास' सम्मेलन के हर एक सदस्य के पास पहुँचनी चाहिए भले ही इसके लिए आप कोई शुल्क तय करें। इतनी उपयोगी पत्रिका के लिए आपको साधुवाद!

– **अशोक अग्रवाल,** उपाध्यक्ष, सिलीगुड़ी शाखा



राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा बोले गये शब्द मेरे दिल में बैठ गया है - 'मेहनत खामोशी से करे सफलता अपने आप शोर मचाएगी।' साथ ही राम! राम! का महत्व। अध्यक्ष जी ने अपने संबोधन में समाज में व्याप्त कुरीतियों, मारवाड़ी भाषा बोलने में संकोच, शादी विवाह के अवसर पर मदिरापान एवं अन्य विकृतियों का आना जैसे सभी विषयों पर गंभीरतापूर्वक अपनी बातों को बताया, यह बहुत प्रभावशाली रही। आपकी बातों से सिलीगुड़ी के सभी समाज-बंधु अत्यंत प्रभावित हुए हैं। समय कम होने की बजह से आपसे बहुत सी जानकारी हम ले नही पाए, आशा है आप हमें पूर्ण जानकारी देकर सहयोग करेंगे।

– **अरुण कंदोई,** महामंत्री, सिलीगुड़ी शाखा

राष्ट्रीय पदाधिकारियों का सिक्किम दौरा

# कुरीतियों को संस्कारों से रोका जा सकता है



सिक्किम की राजधानी गंगटोक में ८ जून को सिक्किम मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी के सिक्किम आगमन पर स्थानीय होटल में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। गंगटोक के आजीवन सदस्यों के साथ रानीपुल, पाकिम, रेनॉक एवं सिंगताम से आए प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर गंगटोक म्युनिसिपल कारपोरेशन के कॉउन्सिलर संदीप मालू विशेष रूप से उपस्थित रहे। सिक्किम मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा गणेश वन्दना एवं दीप प्रज्ज्वलन के बाद सिक्किम प्रांत के अध्यक्ष रमेश पेड़ीवाल ने स्वागत संबोधन से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री का अभिवादन किया एवं सिक्किम मारवाड़ी सम्मेलन की गतिविधियों का ब्यौरा दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया ने अपने संबोधन में अनेकों सामाजिक समस्याओं, पारिवारिक विकृतियों एवं संस्कारों के हनन से कैसे समाज को बचाया जाए उसपर विशेष जोर दिया। श्री लोहिया ने बड़े ही सुन्दर ढंग से संगठित समाज की परिकल्पना एवं समाज विकास के मंत्रों को सभा के समक्ष रखा। राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने अपने उद्बोधन में मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा किए जा रहे राष्ट्रव्यापी सामाजिक कार्यों की पूर्ण जानकारी दी एवं भारत के किसी भी राज्य में असुविधा हेतु राष्ट्रीय कार्यालय से संपर्क करने की सलाह दी। सजन अग्रवाल ने अन्य जिलों से आए मेहमानों का परिचय एवं स्वागत करवाया। संरक्षक सुरेंद्र सारडा ने सिक्किम में मारवाड़ी समाज का इतिहास एवं राज्य के विकास में मारवाड़ी समाज की भूमिका के बारे में बताया। काउंसिलर संदीप मालू ने संगठन को मजबूत करने हेतु सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। अपने संबोधन में उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री के सिक्किम पधारने पर धन्यवाद दिया।

सम्मेलन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा सिक्किम प्रांत के प्रादेशिक अध्यक्ष रमेश पेडीवाल एवं महामंत्री सुरेश कुमार अग्रवाल को ममेंटो व अभिनन्दन पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। स्वर्गीय हरि प्रसाद अग्रवाल के सामाजिक अवदानों हेतु मरणोपरांत स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। साथ ही रेनाक ग्रामीण क्षेत्र में पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिए अनूप अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सिक्किम मारवाड़ी महिला मंडल, मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री का पुष्पगुच्छ एवं खदा से अभिनंदन किया। अंत में श्री पवन कुमार मित्तल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।





मुझे ९ जून २०२४ को अपनी पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की सिलीगुड़ी शाखा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का अवसर मिला, मैं सिलीगुड़ी शाखा के आतिथ्य का कायल हो गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. आर. के. अग्रवाल व महामंत्री अरुण कंदोई की पूरी की पूरी टीम पूरी उत्साहित थी कि कैसे संस्था को आगे ले जाएँ। उनको हार्दिक शुभकामनाएँ। अन्य कई आस-पास की शाखाओं के प्रतिनिधिगण आकर समारोह ने चार चाँद लगा दिया। हमारे राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों ने बहुत ही सारगर्भित वक्तव्य देकर सदस्यों को अभिप्रेरित किया। राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने सम्मेलन की गतिविधियों की पूरी जानकारी दी।

– **विश्वनाथ भुवालका**, उपाध्यक्ष, प.बं.प्रा.मा.सम्मेलन

शाखा समाचार : मुजफ्फरपुर, बिहार

## प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा का सम्मान



पूर्वोत्तर प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कैलाश काबरा के सामाजिक कार्यक्रम में कल मुजफ्फरपुर पहुँचने पर नगर शाखा अध्यक्ष श्याम सुंदर भरतिया, पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष रमेश केजरीवाल और गणमान्य समाज-बंधुओं के द्वारा उनका अभिनंदन किया गया।

IAC
SINCE 1959

**ISO 9001:2015**
**ISO 14001:2015**
**ISO 45001:2018**
**NABL Accredited Lab**



# POWERING 35 NATIONS ACROSS THE WORLD

**IAC Electricals Pvt Ltd is the one stop solution for providing innovative product and services to the electric power utility since 1959**

## PRODUCTS & SERVICES OFFERED:

- Transmission line and substation insulator fittings up to 1200 kV AC and 800 kV HVDC
- Conductor and groundwire accessories
- HTLS conductor accessories and Sub zero hardware fittings
- OPGW cable fittings
- Pole/Distribution line hardware
- AB Cable and ADSS cable accessories
- Substation clamps and connectors
- Conductor, Insulator and hardware testing facility




Transmission line and distribution line hardware fittings,
IEC/ISO 17025/2015 NABL accredited laboratory for conductor, insulator and hardware fittings type testing.

www.iacelectricals.com info@iacelectricals.com

701, Central Plaza, 2/6, Sarat Bose Road, Kolkata - 700020

Use Green Products & Increase Green Building Rating Points

# HINDCON CHEMICALS LTD.©

STRENGTH UPON STRENGTH



Manufacturers of:

## CONSTRUCTION CHEMICALS
## SPECIALITY CHEMICALS
## SODIUM SILICATE

PROTECTIVE & WATERPROOFING COATINGS, SHEETINGS EXPANSION & CONTRACTION JOINT SYSTEM | CONCRETE & MORTAR ADMIXTURES | REMOVER/CLEANING COMPOUNDS WATER PROOFING COMPOUNDS | GROUTS & REPAIRING MORTARS CEMENT ADDITIVES | EPOXY GROUTS & MORTARS | REHABILITATION COATING IMPREGNATION | CONCRETING AIDS | SHOT CRETE AIDS FLOOR TOPPINGS | TILE ADHESIVE | FOUNDRY AID | SEALANTS | WATERPROOFING | JOB WORK

- **Kolkata :** Nest Constructors +91 9831075782
- **Midnapore :** New S.A. Sanitary +91 8016933523
- **Mursidabad :** Bharat Congee +91 7047628386
- **Siliguri :** Subhojit Ghosh +91 9836367567
  Bhawani Enterprise +91 7584983222
- **South 24 Pgs :** M.M. Enterprise +91 9051449377
- **Nadia :** NPR Enterprise +91 9775174923
- **Purulia :** N.C. Kundu Son & Grand Sons +91 9775154544
- **Bankura :** Amit Enterprise +91 8972945781
- **Arambagh :** Maa Manasa Trading +91 9647673010
- **Hooghly :** Sen Enterprise +91 7908528482
- **Birbhum :** K.D. Enterprise +91 9434132114
- **Alipurduar :** Bimal Chandra Paul +91 8100875439
- **Bhubaneswar :** Santosh Nayak +91 8895677677
- **Bihar :** Md Sarwar Imam Siddique +91 8100969670
- **Chennai :** Chandra Sekar S +91 8100969669
- **Delhi :** Debasis De +91 9836174567
- **Gujarat :** Ujjwal Chanchal +91 9142501353
- **Guwahati :** Monaj Kumar Saha +91 9830267567
- **Himachal Pradesh :** Rajan Sharma +91 9830286567
- **Madhya Pradesh :** Kanha Trading Co. +91 9630732585
  Om Shree Sai Trader +91 8077185201
- **Mumbai :** S Subhash Chandra Bose +91 8100895256
- **Navi Mumbai :** Paresh Ashra, +91 9967658832, 9322591244
- **Patna :** Happy Home +91 9122191920
- **Uttar Pradesh :** Pramod Kr. Shahi +91 9830296567
- **Bhutan :** Sriram Traders - +91 9647748327
- **Nepal :** Ashwin International Pvt. Ltd - 00977 9851035502

IS:2645 | 9001:2015 | IS:9103

+91 33 24490839, 9830599113 | +91 33 24490849 | contactus@hindcon.com | www.hindcon.com

Vasudha' 62 B, Braunfeld Row, Kolkata-700027, West Bengal, India

राष्ट्रीय पदाधिकारियों का भागलपुर, बिहार दौरा

# नव-निर्वाचित सांसद राजेश वर्मा का सम्मान




बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, नगर शाखा भागलपुर के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में १५ जून को स्थानीय होटल श्रेयस में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, प्रादेशिक अध्यक्ष जुगल किशोर अग्रवाल उपस्थित रहे।

मंच का संचालन नगर शाखा के संरक्षक रामगोपाल पोद्दार ने किया एवं सभी अतिथियों को मंचासीन कराया। तत्व प्रांत अनंत राम धनिया शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना कर स्वागत गान का पाठ हुआ। नगर शाखाध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया, नगर शाखा महामंत्री अनिल खेतान द्वारा राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी को अंग वस्त्र, बुके एवं मंजूषा पेंटिंग देकर सम्मानित किया गया। प्रादेशिक अध्यक्ष जुगल किशोर अग्रवाल का सम्मान प्रभात केजरीवाल के द्वारा किया गया। सभा में सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया एवं महामंत्री कैलाशपति तोदी द्वारा नवनिर्वाचित सांसद राजेश वर्मा का सम्मान किया गया। मंच पर उपस्थित अन्य अतिथियों का स्वागत ओमप्रकाश कानोडिया, सुमित कुमार जैन, अनिल कड़ेल के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रांतीय अध्यक्ष के साथ नगर शाखाध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल, नगर महामंत्री अनिल खेतान, मंच संचालक रामगोपाल पोद्दार, संयोजक सुमित कुमार जैन, ओमप्रकाश कानोडिया, अनिल कडेल आदि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरुआत हुई। नगर मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री अनिल खेतान के द्वारा सम्मेलन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।





सम्मेलन समाचार

# डॉ. श्री कृष्ण मित्तल का सम्मान



नेशनल एक्सप्रेस के प्रधान संपादक विपिन कुमार गुप्ता एवं भारतीय जीवजंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार के समिति अध्यक्ष डॉ. श्रीकृष्ण मित्तल का अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन ने ८ जून को सम्मेलन के केंद्रीय कार्यालय, कोलकाता में अभिनंदन व सम्मान किया। इस अवसर पर सम्मेलन के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री संजय गोयनका एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता ने दुपट्टा भेंटकर उनका सम्मान किया।

## राष्ट्रीय पदाधिकारियों का खगड़िया, बिहार दौरा

# राष्ट्रीय पदाधिकारियों का स्वागत, सम्मान



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, प्रांतीय अध्यक्ष जुगल किशोर अग्रवाल तथा प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश जैन का शहर के लोहा पट्टी स्थित अग्रसेन भवन में अभिनंदन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, खगड़िया शाखाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने किया। शाखाध्यक्ष ने शाखा द्वारा गर्मियों में पेयजल की आपूर्ति, जाड़े में अन्नपूर्णा की रसोई के तहत आम लोगों के लिए हर मंगलवार खिचड़ी प्रसाद के आयोजन, रक्तदान शिविर का आयोजन इत्यादि अन्य किए गए कार्यों से आगंतुक अतिथियों को अवगत कराया। अभिनंदन समारोह का संचालन खगड़िया शाखा के सचिव मृगांक कुमार के द्वारा किया गया। इस अभिनंदन समारोह में शहर के सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ अभिभावकगण तथा नवयुवक मौजूद थे। सभी ने करतल ध्वनि से आगंतुक अतिथियों का सम्मान तथा अभिवादन किया। सभी अतिथियों को जिला शाखा के तरफ से संयुक्त रूप से एक प्रतीक चिह्न, शॉल तथा पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया। अभिनंदन समारोह में समाज के वरिष्ठ अभिभावक सत्यनारायण अग्रवाल, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के. पंसारी, नारायण बजाज, थानमल कोठारी तथा युवा समाजसेवी सुजीत बजाज को राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा महामंत्री द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन शाखा सचिव चंदन फोगला तथा शुभम केडिया ने निभाया।

प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश जैन ने शाखा को मजबूत करने के लिए तथा समाजसेवा के लिए बढ़-चढ़कर योगदान देने की बात कही। राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन के कार्यों से अवगत कराया तथा सामाजिक और पारिवारिक रूप से हम खुद को कैसे मजबूत करें के बारे में बताया। प्रांतीय अध्यक्ष जुगल किशोर अग्राल ने बिहार में सम्मेलन के क्रिया-कलापों से सभी को अवगत कराया तथा इसे और सशक्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया। आगे उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि जो संस्कृति की विरासत हमें अपने पूर्वजों से मिली है, उसे अपने बच्चों में स्थानांतरित करें।

## नए दृष्टिकोण वाला स्वास्थ्य शिविर

# सम्मेलन से जुड़कर समाज को सशक्त बनाएँ : शिव कुमार लोहिया



कोलकाता स्थिति साल्टलेक के मेवाड बैंक्वेट में २६ मई को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में 'सन टू ह्यूमन फाउंडेशन' द्वारा संचालित नए दृष्टिकोण वाले स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर सम्यक आहार, सम्यक निद्रा एवं सम्यक व्यायाम का प्रयोग द्वारा अनुभव किया। इस अवसर पर सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया ने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन पिछले लगभग ९० वर्षों से समाज की सेवा में विभिन्न रूपों से संलग्न है एवं पिछले कुछ वर्षों से स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम भी आयोजित कर रहा है। आगे, उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन करके हमें संतोष का अनुभव हो रहा है। उन्होंने सम्मेलन के इतिहास को संक्षिप्त रूप में बताते हुए कहा कि समाज मे आज कई प्रकार की विसंगतियाँ पनप रही हैं। उन्होंने कई उदाहरण दिए एवं सभी उपस्थित समाज-बंधुओं से आह्वान किया कि आप सम्मेलन से जुड़कर समाज की जो विसंगतियाँ हैं उसके विरुद्ध मिलकर आवाज उठाएँ और समाज एवं सम्मेलन को मजबूत बनाएँ। उन्होंने सभी उपस्थित समाज बंधुओं से आग्रह किया कि घर में आपस में बात करते समय मायड़ भाषा का ही प्रयोग करें। बच्चों को भी मायड़ भाषा के बारे में बताएँ एवं उनसे भी वार्तालाप करें। उन्होंने 'सन टू ह्यूमन फाउंडेशन' के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रमेश नांगलिया ने फाउंडेशन के बारे में लोगों को जानकारी दी। राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। पश्चिम बंगाल प्रादेशिक सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल ने बताया कि शीघ्र ही साल्टलेक एवं न्यू टाउन में शाखा खुल रही है। इस अवसर पर सम्मेलन की ओर से स्वास्थ्य उपसमिति के चैयरमेन अनिल मल्लावत, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री पवन जालान, वरिष्ठ सदस्य विश्वनाथ भुवालका एवं अन्य उपस्थित थे। समारोह को सफल बनाने में शालू अग्रवाल, निर्मला रूंगटा, आदित्य मिमानी, कनिका गुप्ता, कंपिल गुप्ता, बालकृष्ण अग्रवाल, सरोज तापड़िया आदि का सराहनीय सहयोग मिला।

# समाज-संवाद संगोष्ठी का आयोजन




मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, प्रांतीय अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के बेगूसराय आगमन पर मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा 'समाज संवाद संगोष्ठी' का आयोजन हर-हर महादेव चौक के समीप गंगाराम रेस्टोरेंट के सभागार में हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष लोहिया ने सामाजिक एकता, आपसी सामंजस्य एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी समाज आजादी के आंदोलन से ही राष्ट्र के प्रति तन-मन-धन से समर्पित एवं राष्ट्र निर्माण में सतत अपना सक्रिय योगदान देता रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश पति तोदी ने समाज के सदस्यों से सम्मेलन के आजीवन सदस्य के रूप में जुड़ने का आवाहन किया। साथ ही सम्मेलन द्वारा संचालित स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्याओं की शादी में राष्ट्रीय कार्यालय की ओर से दिए जाने वाले सहयोग की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्षजुगल किशोर अग्रवाल ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने आह्वान समाज के लोगों से किया। संगोष्ठी में बिहार के प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश जैन ने समाज को एकत्रित होकर अपनी ताकत को पहचानने के लिए प्रेरित किया। शाखा अध्यक्ष रवि मस्करा ने राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक सुधार के प्रति लोगो को जागरुक करने पर जोर दिया साथ ही समाज को यह अहसास कराया कि एकता में ही शक्ति है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी एवं विशिष्टअतिथि बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष युगल किशोर अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विशिष्ट सामाजिक सेवा के लिए गोपाल प्रसाद चमरिया, प्रेम प्रकाश रूंगटा, प्रेम मेगोटिया, दिनेश टिवरेवाल एवं अरुण भिवानिया को सम्मानित किया। साथ ही नए आजीवन सदस्यों को सम्मेलन से जुड़ने पर धन्यवाद दिया। प्रांतीय अध्यक्ष ने नीट एवं जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। शाखा सचिव ज्योति शर्मा ने महामंत्री प्रतिवेदन के माध्यम से शाखा के द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सदस्यों ने राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति की। मंच संचालन नीरज मस्करा ने किया। मारवाड़ी युवा मंच के सचिव गौरव कुमार भारद्वाज ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर श्याम सुंदर सुल्तानिया, मोहन भिवानिया, सूरज खेतान, प्रदीप केलंका, विनोद हिसरिया, दीप कुमार मस्करा, अंकित गोयनका, भीम अग्रवाल, सदन हिसारिया, राज कुमार हिसारिया आदि समाज के गणमान्य सदस्यों की भागीदारी रही।



राष्ट्रीय पदाधिकारियों का नवगछिया, बिहार दौरा

# शाखा द्वारा राष्ट्रीय पदाधिकारियों का सम्मान




भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश पति तोदी के नवगछिया आगमन पर स्थानीय बाल भारती, पोस्ट ऑफिस रोड में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस सभा में नवगछिया के सम्मेलन के सदस्यों के साथ प्रादेशिक अध्यक्ष जुगल किशोर अग्रवाल तथा प्रादेशिक उपाध्यक्ष मुकेश कुमार जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शाखा अध्यक्ष दिनेश कुमार सर्राफ, महामंत्री विनोद केजरीवाल, बाल भारती के अध्यक्ष पवन कुमार सर्राफ, उपाध्यक्ष अजय कुमार रूंगटा, खरीक शाखा अध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन, नवगछिया महिला शाखा की अध्यक्ष सीमा रूंगटा, उपाध्यक्ष कान्ता केजरीवाल, कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विनय सर्राफ, अशोक कुमार केडिया ने सभी पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन शाखा महामंत्री विनोद केजरीवाल ने किया। शाखा अध्यक्ष दिनेश कुमार सर्राफ ने अपने संबोधन से राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, प्रादेशिक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का अभिनन्दन करते हुए नवगछिया पधारने पर आभार प्रकट किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री ने कहा कि समाज के लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा तथा सम्मेलन के प्रति निष्ठा रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को सम्मेलन से जोड़ना होगा तभी हमारा विकास होगा। सम्मेलन मेधावी व जरूरतमंद विद्यार्थियों की आर्थिक अनुदान देती है। राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने शाखा पदाधिकारियों व समाज-बंधु दिनेश कुमार सर्राफ, विनोद केजरीवाल, श्रुति रूंगटा, नवीन कुमार केजरीवाल, अशोक कुमार केडिया, श्रीधर खण्डेलवाल के साथ ही दिनेश कुमार सर्राफ को शाखा अध्यक्ष तथा विनोद केजरीवाल को शाखा महामंत्री को सम्मानित किया। सभा में राजेश कानोडिया, मुरारी लाल चिरानिया, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अभय मुनका को दुपट्टा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मारवाड़ी महिला सम्मेलन सदस्यों के साथ-साथ कमलेश अग्रवाल, मिडिया प्रभारी अशोक कुमार केडिया, खरीक शाखा के महामंत्री प्रदीप कुमार लाठ, विश्वनाथ यादुका, प्रवीण कुमार केजरीवाल, दयाराम चौधरी, ओम प्रकाश चिरानिया, अशोक कुमार सर्राफ, सुरेश हिसारिया, विद्यासागर सर्राफ, नवीन कुमार केजरीवाल, श्रुति रूंगटा, भगवती पंसारी, अनुराधा पंसारी, मंजू केडिया व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में अजय कुमार रूंगटा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



---

चिट्ठी आई है

# मेरा अनुभव : मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम

उत्तर लखीमपुर में विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम आजकल समाज को सभी घटक दलों की संस्थाएँ अपने-अपने समाज के बच्चों का बड़े ही सुंदर तरीके से करती आ रही है। इस कार्यक्रम से लंबे समय से जुड़े रहने के कारण बच्चों की भावना व उनके अभिभावक की भावना इस कार्यक्रम के प्रति बड़ी ही सहजता के साथ महसूस किया जा सकता है। सम्मान प्राप्त करने के योग्य परीक्षार्थियों का इस कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार रहता है। करोना काल में दीपावली का कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पाया था। तब कई अभिभावकों ने मुझसे संपर्क कर विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम होगा या नहीं की जानकारी ली। सम्मेलन ने आश्वासन दिया कि जब भी परिस्थितियाँ ठीक होगी, यह कार्यक्रम किया जाएगा। हमें अवसर मिलने पर हमने दो-दो वर्षों के विद्यार्थियों को एक साथ आमंत्रित कर मायड़ भाषा दिवस पर एक मंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थी सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया था।

समाज के सबसे बड़े मंच पर दर्शक दीर्घा में बैठकर संपूर्ण समाज के सामने विशेष सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान होते देखकर अगले साल परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों का भी हौसला स्वतः ही बढ़ जाता है। कई अभिभावकों से अपने बच्चों का उत्साह बढ़ाने हेतु अपने बच्चों से उदाहरण सहित यह कहते हुए सुना जा सकता है कि तुम भी अच्छी तरह पढ़ो। तुम्हे भी मंच पर बुलाएँगे तुम्हें भी ममेंटो मिलेगा। वास्तव में इस कार्यक्रम के आयोजन का एक यह भी सकारात्मक उद्देश्य रहा है। इस तरह के कार्यक्रम करना सम्मेलन का तरुण - युवा पीढ़ी से जुड़ाव पैदा करता है और यह संगठन के भविष्य के लिए भी अच्छा है ऐसा मेरा विचार है।

– **राज कुमार सराफ**, नार्थ लखीमपुर, असम
मो. ९४३५०८५०५८

# सम्मेलन सामाजिक समरसता एवं समाज को संगठित करने के लिए प्रयासरत : श्री लोहिया




अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया और राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुँचे। भागलपुर, नवगछिया, खगड़िया और बेगूसराय शाखाओं का दौरा कर १६ जून को पटना नगर शाखा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों ने शिव कुमार लोहिया, कैलाशपति तोदी एवं प्रादेशिक अध्यक्ष युगल किशोर अग्रवाल का स्वागत किया। वहीं सामाजिक सेवा के लिए राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा कई लोगों को सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने कहा कि सम्मेलन ८९ वर्षों से सामाजिक समरसता एवं समाज को संगठित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। श्री लोहिया ने समाज में बढ़ती हुई कुरीतियों एवं विसंगतियों पर अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने आवाहन किया कि प्री-वेडिंग शूट, विवाह समारोह में मद्यपान एवं बारात के समय महिलाओं का सड़क में नृत्य के विषय में पिछले गुवाहाटी अधिवेशन में प्रस्ताव पारित हुए थे। इस संबधन में सभी समाज-बंधुओं को सजग होकर इन प्रस्तावों का पालन करना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि राजस्थानी भाषा का प्रयोग बहुत काम होता जा रहा है एवं आने वाली पीढ़ी के लिए के सामने तो यह नगण्य हो गया है। अतः उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि कम से कम आपस में एवं अपने घर में राजस्थानी भाषा का प्रयोग करें। आगे उन्होंने कहा कि बिहार प्रांत में मुख्यमंत्री ने शराबबंदी लागू कर एक नजीर पेश की है। राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने सम्मेलन के गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के बारे में उपस्थित समाज-बंधुओं को अवगत कराते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि आडंबर और कुरीतियों को दूर करने का प्रयास हो रहा है।

सभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला, राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेश जालान, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष जुगल किशोर अग्रवाल, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के भूतपूर्व अध्यक्ष कमल नोपानी एवं विनोद तोदी ने सभा को संबोधित किया। सभा का संचालन अंजनी सुरेका ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शाखाध्यक्ष शशि गोयल ने किया।



## बिहार दौरे पर आई प्रतिक्रिया



१६ जून रविवार को आपने राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी जी के साथ बिहार भ्रमण के दौरान बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, पटना शाखा के अतिथि में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया, इसके लिए हृदय से आभार स्वीकार कीजिए।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री जी ने अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा कार्यालय एवं संबंधित काम-काज के डिजिटलकरण किए जाने की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने छात्रवृत्ति, रोजगार, स्वास्थ्य एवं सम्मेलन द्वारा संचालित अन्य विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देकर सभा में उपस्थित सदस्यों को सम्मेलन की गतिविधियों से अवगत कराया जो काफी उपयोगी है। आपने अपने संबोधन में समाज के बारे में जो बातें कही, विशेषकर समाज में व्याप्त कुरीतियों, मारवाड़ी भाषा बोलने में आ रही गिरावट, परिवारों का अवमूल्यन, शादी विवाह के अवसर पर मदिरापान एवं अन्य विकृतियों का आना। इन सब विषयों पर आपने जितनी गंभीरता पूर्वक और बेवाकी से अपनी बातों को रखा वह अत्यंत ही प्रभावशाली रहा है। आपकी बातों से वहाँ उपस्थित सभी समाज-बंधु अत्यंत प्रभावित हुए और इसका समाज में एक बहुत ही अच्छा संदेश गया है। आपकी विद्वता और ज्ञान को पहली बार मुझे भी जानने और समझने का अवसर मिला है। निश्चित रूप से कल की बैठक में शामिल होकर और आपके एवं महामंत्री जी के द्वारा प्रस्तुत संबोधन को सुनकर मन अत्यंत ही प्रसन्नचित्त हो गया है। आपको एवं महामंत्री जी को कोटि-कोटि धन्यवाद!

– **विनोद तोदी,** पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष

संगोष्ठी : पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण का महत्व

# प्रकृति, पृथ्वी और पर्यावरण की स्थिति पर विचार करने की जरूरत : श्री लोहिया



राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया ने सभी उपस्थित सदस्यों का अभिवादन करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज पर्यावरण एक ज्वलंत मुद्दा बन गया है। हमें जिस स्थिति में प्रकृति और पृथ्वी अपने पूर्वजों से मिला था उसी स्थिति में अपने आने वाली पीढ़ियों को देकर जाने की हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। श्री लोहिया ने एक पेड़ से प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी। आगे, उन्होंने बताया कि सम्मेलन का बॉर्डर सिक्यूरिटी फोर्स के कंपाउंड में १००० पेड़ तक लगाने को लेकर अधिकारियों से बात चल रही है और आशा है कि जल्द ही वहाँ से हमें अनुमति मिल जाएगी। हमें बच्चों को जागरूक करने की आवश्यकता है कि वे पानी की बर्बादी न करें।

मुख्य वक्ता पर्यावरण संस्कृतकर्मी एवं कंसर्न फॉर अर्थ के अध्यक्ष सीए संतोष मोहता ने कहा कि वैश्विक गर्मी की बढ़ोतरी से इस चुनाव में १५० से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों ने अपनी जान गंवाई है। पर्यावरण की जितनी बर्बादी हम कर सकते हैं कर चुके हैं। अब हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ करने की आवश्यकता है। हम छोटे-छोटे कदम उठाकर पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं। जैसे घर की रसोई से निकले वेस्ट से कंपोस्ट खाद बनाकर घर में लगाए पौधों में उपयोग में लाएँ, जिससे हमें ऑर्गेनिक चीजें मिलेंगी। उन्होंने आगे बताया कि वह ४०० स्क्वायर फीट के क्षेत्र में ३०० से अधिक किस्म के ४ हजार पौधों की अच्छी तरह से देखभाल कर रहे हैं। जो पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में सहायक है। अपने आस-पास हरियाली लाकर ही हम बढ़ते प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, गर्मी की तकलीफों से छुटकारा पा सकते हैं। उन्होंने व्यावहारिक रूप से शीडबॉल बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। श्री मोहता ने लोगों को हाइड्रोपोनिक, वर्टिकल गार्डेनिंग और वेस्ट टू वेल्थ के लिए प्रेरित किया।

सभी उपस्थित श्रोताओं को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सुझावों के कार्यपत्रक का वितरण किया गया और उनसे अनुरोध किया गया कि सभी पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी तरफ से बढ़-चढ़कर योगदान करें।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता ने पर्यावरण की समस्या पर एक कविता का पाठ कर लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने कहा कि पर्यावरण दिवस आने पर हम पर्यावरण की बात तो बहुत करते हैं पर पालन करने की जब बात आती है तो हम अपना सुविधा खोजने लग जाते हैं। आज एयर कंडीशनर की बिक्री बहुत बढ़ गई है, हम अपने जीवनशैली को नहीं बदल रहे हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री तोदी द्वारा किया गया।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता सीए संतोष मोहता को प्रसिद्ध उद्योगपति जुगल किशोर जाजोदिया ने शाल एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री गुप्ता ने दुपट्टा भेंटकर सम्मान किया। राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री संजय गोयनका ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री पवन कुमार जालान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता, पवन बंसल, पीयूष केयाल, सांवरमल शर्मा, राज कुमार अग्रवाल, नवीन खेमका, रघुनाथ झुनझुनवाला, पवन जैन, शिव कुमार बागला, अरविंद कुमार मुरारका, सीताराम अगरवाल, नथमल भीमराजका व अन्य उपस्थित थे।

समाचार सार

# डॉ. श्याम सुंदर हरलालका के पुस्तक का असम राज्यपाल द्वारा विमोचन




भारतीय इतिहास संकलन समिति, असम के सौजन्य से गुवाहाटी के भरलुमुख स्थित आलोक भवन के संघ साधक मधुकर लिमिए मीटिंग हॉल में डॉ. श्याम सुंदर हरलालका द्वारा लिखित और भारतीय इतिहास संकलन समिति, असम द्वारा प्रकाशित ग्रंथ 'History of Marwaris of Assam' 19 जून को लोकार्पण किया गया। राष्ट्रगान और दीप प्रज्ज्वलन के साथ उद्घाटन किया गया। और भारतीय इतिहास संकलन समिति के लोवार असम के सह-संगठन मंत्री गिरीन चंद्र रॉय द्वारा संचालन किया गया। इस पुस्तक विमोचन सभा में भारतीय इतिहास संकलन समिति, असम के अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र अधिकारी ने सभी का स्वागत किया। असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया पुस्तक विमोचन के अवसर पर उपस्थित थे। असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के उद्घाटन भाषण में उन्होंने भारत और असम में मारवाड़ी समुदाय के योगदान को दोहराया। इस मामले में उन्होंने ज्योति प्रसाद अग्रवाल को भी याद किया। दूसरे और अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय महामंत्री हेमंत ढींग मजूमदार कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर बहुमूल्य भाषण दिए। अपने वक्तव्य में उन्होंने भारतीय इतिहास संगलन समिति, असम का संक्षिप्त परिचय भी दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि पुस्तक के लेखक डॉ. श्याम सुंदर हरलालका ने पुस्तक के माध्यम से असम में मारवाड़ी समुदाय के इतिहास को उजागर करने की कोशिश की है। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तक तीनों भाषाओं असमिया, हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित की गई है। अंत में राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में भारतीय इतिहास संकलन समिति, असम के सचिव डॉ. तपन कलिता ने उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# योग सिर्फ व्यायाम ही नहीं, योग का मतलब है ईश्वर से जुड़ना - श्री लोहिया



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं शहर की लब्ध प्रतिष्ठित संस्थान योगिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन योग विशेषज्ञ डॉक्टर शंभुनाथ कुंडू ने किया। डॉ. कुंडू ने योग के अलग-अलग आसन का प्रदर्शन करके उनके अलग-अलग लाभ के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं योग के विषय में उन्होंने कहा कि योग सिर्फ व्यायाम ही नहीं है। योग का मतलब है भगवान से जुड़ना। हम योग के द्वारा अपने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अपने मानसिक स्वास्थ्य को भी स्वस्थ बना सकते हैं। यह सबके लिए आवश्यक है कि योग की पूरा महत्व समझते हुए योग को अपने जीवन में उतारे एवं अपने जीवन को प्रसन्न एवं सुखप्रद बनाएं। योगिक संघ के सचिव नरेश अग्रवाल ने बताया कि योगिक संघ १९५१ से कोलकाता के समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने में संलग्न है। उन्होंने कहा कि योग को विशुद्ध रूप में समझना आवश्यक है। सम्मेलन के भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सराफ ने बताया कि यहाँ योगिक संघ में धीरेंद्र ब्रह्मचारी एवं रामदेव बाबा जैसे योग विशेषज्ञ आए हुए हैं एवं ७० साल से भी अधिक योगिक संघ इस कार्यक्रम के साथ लोगों को जोड़ने की कोशिश में लगा हुआ है। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री पवन जालान एवं स्वास्थ्य उपसमिति के चेयरमैन अनिल मल्लावत एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। योगिक संघ से उपाध्यक्ष सुभाष आहूजा, आनंद अग्रवाल, जयदेव रावलवासिया एवं रिद्धकरण बोथरा कार्यक्रम को सफल बनाने में संलग्न थे। बड़ी संख्या में लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाया।

शाखा समाचार : विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश

# मारवाड़ी सम्मेलन का स्नेह मिलन समारोह संपन्न



१६ जून को स्थानीय वन टाउन स्थित श्री महेश ट्रस्ट द्वारा निर्मित श्री सुखदेव राठी महेश्वरी भवन में आंध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में विजयवाड़ा मारवाड़ी सम्मेलन का स्नेह मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर पदाधिकारियों द्वारा माँ भारती के चित्रपट पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्रादेशिक सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल एवं महामंत्री बालकिशन लोया एवं विजयवाड़ा शाखा के अध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, संजय कुमार मेहता, श्याम सिंह बालावत, सह-सचिव विनोद कुमार राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल एवं संरक्षक अशोक कुमार जैन, डॉ. रसीक संधवी सहित अन्य पदाधिकारियों ने सम्मेलन के इतिहास की संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि १९३५ में सम्मेलन के गठन का मुख्य उद्देश्य था कि मारवाड़ी बंधु एक छत के नीचे रहकर सुख-दुख में एक-दूसरे का सहयोग करें एवं समाज की सुरक्षा के लिए, सामाजिक कुरीतियों यथा दहेज, दिखावा, आडंबर, वधू प्रताड़ना, बाल विवाह आदि के विरुद्ध सशक्त एवं सामूहिक आवाज उठाएँ। भविष्य में प्रांतीय सम्मेलन राज्य एवं केंद्र सरकार तक आंध्र प्रदेश में रह रहे राजस्थानी प्रवासियों की परेशानियों जैसे विजयवाड़ा से जोधपुर तक प्रतिदिन रेल एवं हवाई जहाज की सुविधा नहीं होने के कारम होने वाली समस्या को पहुँचाकर इसके निवारण का प्रयास करेगा। सम्मेलन के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों पर विशे, ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर सदस्यता ग्रहण अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संक्या में उपस्थित सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की।

तत्पश्चात सर्व समाज द्वारा आंध्र प्रदेश के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं महामंत्री का राजस्थानी परंपरागत अनुसार स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज-बंधु उपस्थित थे।



# राजनीतिक चेतना अभियान

लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के तुरंत बाद ही दिनांक ४ अप्रैल को सभी प्रांतों के अध्यक्ष एवं महामंत्री को पत्र द्वारा सूचित किया गया। सम्मेलन का राजनीतिक चेतना कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो कि सम्मेलन वर्षों से करता आ रहा है। सभी प्रांतों से इस अभियान को प्रारंभ करने के लिए अनुरोध किया गया। उन्हें आवश्यक सुझाव एवं निर्देश प्रेषित किए गए, ताकि सभी मतदाता जागरूकता अभियान को एक सिलसिलेवार ढंग से चलाकर समाज में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा कर सकें। सबसे पहले केंद्रीय कार्यालय में प्रबुद्ध चिंतक एवं राजस्थान पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. गुलाब कोठारी के आगमन पर 'राजनीति में मरवाड़ियों की वर्तमान स्थिति' पर अपना सारगर्भित वक्तव्य दिया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा तैयार किए गए पोस्टर का भी अनावरण किया। तत्पश्चात समाज के विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर अलग-अलग जगह सम्मेलन ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत संगोष्ठियाँ की। विभिन्न सामाजिक वक्ताओं को आमंत्रित कर उन्हें मतदाताओं से रू-ब-रू होने का अवसर दिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से इन संगोष्ठियों के समाचारों को व्यापक रूप से प्रकाशित करवाने के लिए सतत प्रयास किए गए। विभिन्न प्रांतो में इस मतदाता जागरूकता अभियान को बहुत ही सुंदरता से उन्होंने अपनाया एवं कार्यान्वित भी किया। सम्मेलन की ओर से मतदाताओं से आग्रह किया गया कि मतदान के बाद आपनी सेल्फी खींचकर केंद्रीय कार्यालय में भेजें, ताकि उसे हम फेसबुक एवं इंस्टाग्राम में अपलोड कर सकें। इसका भी समुचित लाभ मिला जो कि उत्साहवर्धक है। इस कार्यक्रम के तहत मतदान के दौरान पूरे देश से अनेक छवियाँ प्राप्त हुई। इन सभी को फेसबुक पेज पर अंकित भी किया गया। जिन-जिन स्थानों से लोगों ने अपनी-अपनी छवि भेजी है उनका विवरण संलग्न सूची में दिया गया है। यह एक अत्यंत सफल पदक्षेप रहा जोकि दूरदराज के क्षेत्र में फैले हुए समाज-बंधुओं को सीधे केंद्रीय कार्यालय से जोड़ने का काम किया।

इसी सिलसिले में सम्मेलन की ओर से प्रभात खबर समाचार पत्र के संयुक्त प्रयास से भी पत्र के द्वारा एक व्यापक अभियान चलाया गया।

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में भी रिसड़ा एवं न्यू टाउन जैसे स्थानों पर चलाए गए जागरूकता अभियान में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

इस बार चलाए गए इस अभियान के फलस्वरूप अन्य सामाजिक संस्थाएँ भी इस उद्देश्य के प्रति जागरूक हई एवं उन्होंने भी इस तरह के कार्यक्रम चलाए।

साथ ही साथ कई स्थानों में सम्मेलन की ओर से सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मधुसूदन सिकरियाने गुवाहाटी शाखा द्वारा लगाए गए सेल्फी प्वाइंट के बारे में बताया जोकि काफी लोकप्रिय रहा। इसी प्रकार बेलूर, हावड़ा, बाली रिसड़ा क्षेत्र में भी स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से सम्मेलन ने सेल्फी प्वाइंट बनाए। इस प्रकार के कार्यक्रम से सम्मेलन का भी प्रचार-प्रसार हुआ। डॉक्टर गुलाब कोठारी के हाथों अनावरण किए गए पोस्टरों का डिजिटल मैसेज व्हाट्सएप, फेसबुक द्वारा सदस्यों एवं समाज-बंधुओं को प्रत्येक चुनाव दिन के पहले भेजे गए। देश के सभी भागों में इनका वितरण किया गया। इस प्रकार के अभियान केंद्रीय एवं विभिन्न प्रांतीय कार्यालय द्वारा संपन्न किए गए। राजनीतिक चेतना कार्यक्रम के तहत राजनीति में मारवाड़ी समाज की भागीदारी की वर्तमान स्थिति पर समाज विकास के पाठकों से विचार आमंत्रित किए गए। इसके तहत अनेक समाज-बंधुओं ने अपने विचार भेजें एवं श्रेष्ठ तीन प्रविष्टि यों को पुरस्कृत भी किया गया। केंद्रीय कार्यालय के अतिरिक्त प्रांतों द्वारा भी कार्यक्रम चलाया गया। बेगूसराय (विघा) शाखा ने 'मारवाड़ी समाज का नारा है, शत-प्रतिशत वोट कराना है' के तहत संस्कारी प्रतियोगिता रखी, जिसके १७४ सेल्फियाँ प्राप्त हुई। इन प्रवृष्टियों से एकल, कपल एवं प्रवीण ग्रुप से तीन-तीन प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया गया। अपने दौरे के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिनांक १६ जून को इन विजेताओं को पुरस्कृत किया। बेगूसराय शाखा से प्राप्त सूचना के अनुसार १३ मई को शाखा की टीम ने समाज के हर एक व्यक्ति को फोन कर मतदान के लिए जाग्रत किया, फलस्वरूप बेगूसराय में लगभग शत-प्रतिशत मतदान संभव हो सका।

इस पूरे अभियान की सफलता के लिए मैं सभी केंद्रीय पदाधिकारी, राजनीतिक चेतना उपसमिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों, प्रांतों के सभी अध्यक्षों एवं महामंत्रियों, सभी कार्यकर्ताओं एवं समाज के सभी सदस्यों को बधाई देता हूँ कि सम्मेलन के इस कार्यक्रम की अभूतपूर्व सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## निम्नलिखित शहरों से सेल्फी प्राप्त हुए:-

**आंध्र प्रदेश** : शहर/जिला : विशाखापट्टनम।

**असम** : शहर/जिला : काजीरंगा, नार्थ लखिमपुर, गुवाहाटी, पाठशाला, शिवसागर।

**छत्तीसगढ़** : शहर/जिला : रायगढ़, जांजगीर चंपा, रायपुर।

**दिल्ली** : शहर/जिला : नई दिल्ली।

**गुजरात** : शहर/जिला : सूरत।

**झारखंड** : शहर/जिला : चाईबासा, चक्रधरपुर, जमशेदपुर, धनबाद, दुमका, राजमहल, राँची।

**कर्नाटक** : शहर/जिला : बेंगलुरु।

**मध्य प्रदेश** : शहर/जिला : कटनी, इंदौर।

**पश्चिम बंगाल** : शहर/जिला : हुगली, बांकुड़ा, बड़ाबाजार, बेलुर, रिसड़ा, हावड़ा, आसनसोल, दुर्गापुर, बैरकपुर, कोलकाता, प. बर्धमान।

**बिहार** : शहर/जिला : सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, सीतामढ़ी, भागलपुर, बेगूसराय, मोतीपुर, फॉरबीसगंज, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, चंपारण, बेतिया, रक्सौल, सारण, पटना, कराकट, सासाराम, बगाह, आरा।

**ओड़िशा** : शहर/जिला : बलांगीर, कटक, जुनागढ़, बरगढ़, तितलागढ़, संबलपुर, काँटाभाजी, भवानीपटना, बालासोर।

**राजस्थान** : शहर/जिला : बालोतरा।

**उत्तर प्रदेश** : शहर/जिला : वाराणसी, कानपुर।

Apollo
TOUCHING LIVES

Certificate No. : M-0342
NABL Accredited

Apollo Clinic
Expertise. Closer to you.

P-72, Prince Anwar Shah Road, Opp. South City Mall, Kolkata-700 045
Tel. : 4021-2525-55, E-mail : pashahroad@theapolloclinic.com

# SERVICES AT A GLANCE

- **Laboratory Services - Advanced Automatic Equipments**
- **Radiology**
  - MRI / CT / Scan | - Digital X-Ray
  - Ultrasonography | - Colour Doppler Study
- **Cardiology**
  - ECG | - Echo-Cardiography
  - Echo-Colour Doppler | - Holter Monitoring
  - Treadmill Test (TMT)
- **Wide Range of Pathology**
- **Pulmonary Function Test**
- **UGI Endoscopy / Colonoscopy**
- **Physiotherapy**
- **EEC / EMG / NCV**
- **General & Cosmetic Dentistry**
- **Elder Care Service**
- **Sleep Study (PSG)**
- **EYE / ENT Care Clinic**
- **Gynae and Obstetric Care Clinic**
- **Haematolgy Clinic**
- **Personalised Care (Injection, Dressing, ECG etc.) at your doorstep**
- **Health Check-up Packages**
- **Online Reporting**
- **Report Delivery**

## Home Blood Collection

## (033) 4021-2525, 97481-22475

## 98301 96659

**Consultation I Diagnostics I Dentistry I Health Checks**

## हमारे पर्यावरण की सचाई !




भारत में हम सभी प्राकृतिक तत्वों को पूजनीय कहते है, लेकिन क्या उनका जरा भी सम्मान करते हैं? आइए समझते हैं:

**१. पृथ्वी से वन्य प्रजातियों का विलोपन :** स्वतंत्रता के समय भारत में ४ ऐसे क्षेत्र थे जहाँ सबसे घने जंगल व पशु-पक्षियों की सबसे घनी आबादी पाई जाती थी। उन क्षेत्रों का 90% हिस्सा आज हमने खो दिया है।

**२. अग्नि (शेष वनों पर अग्नि का प्रकोप) :** भारत के लगभग 65% जंगल वन-अग्नि से ग्रस्त हैं। हिमाचल में ऐसी घटनाएँ 7 गुना और उत्तराखंड में 3 गुना बढ़ गई हैं।

**३. जल (सूखे का खतरा और प्रदूषित जल की मार) :** हिमालय के ग्लेशियरों पर विश्व की 200 करोड़ आबादी निर्भर करती है। जोकि तेजी से पिघल रही है। अत्यधिक गर्मी के चलते अगले एक दशक में 75-80% तक ग्लेशियर पिघल सकते हैं। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, सिंधु आदि नदियों का जलस्रोत सूख रहा है। और जो पानी उपलब्ध है, वो दूषित है। दुनिया में पीने के पानी से होने वाली बीमारियों के 50% मामले अकेले भारत में पाए जाते हैं। इन बीमारियों से भारत को हर साल लगभग 49,000 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान होता है।

**४. वायु (वायु प्रदूषण बना मृत्यु का सबसे बड़ा कारण) :** दुनिया के 100 सबसे प्रदूषित शहरों में 83 भारतीय शहर हैं। WHO मानकों की मानें तो PM2.5 प्रदूषक तत्वों का स्तर 5 ug/m$^3$ से कम होना चाहिए। दिल्ली का औसत PM2.5 स्तर 188 ug/m$^3$।

**५. आकाश (आसमान से बरसती आग) :** 2023 पिछले 1 लाख सालों में सबसे गर्म साल रहा। इतिहास में पहली बार 12 महीनों के लिए लगातार पृथ्वी का औसत तापमान 1.5 डिग्री के ऊपर रहा है। पृथ्वी तप रही है। सिर्फ 2024 में पृथ्वी का औसत तापमान 1.7 डिग्री से अधिक रहा है। 1.5 डिग्री की सीमा से भी ऊपर।

## महाराणा प्रताप जयंती




महाराणा प्रताप का पराक्रम अप्रतिम था, उन्होंने अपनी आन, बान और शान के लिए कभी समझौता नहीं किया। जब हम सत्य से अवगत होते हैं तो वह हमें ज्यादा अचंभित करते हैं कि इतने कम वजन के अस्त्र-शस्त्र से कैसे उन्होंने बहलोल खान को उसके घोड़े समेत एक ही वार में दो भागों में काट दिया था? इससे हमें उनकी भुजाओं के बल और उनकी गति का पता चलता है। सचाई जानने के बाद हम उन्हें अपने और नजदीक का पाते हैं और उन पर हमारी आस्था, विश्वास, प्रेम, लगन और अधिक बढ़ जाती है; अपने ऊपर हम विश्वास करने लगते हैं कि जब वह ऐसा कर सकते हैं तो हम भी कर सकते हैं। वहीं जब हम उन्हें गलत सूचनाओं के आधार पर देखते हैं तो हमें लगता हैं कि वह किसी दूसरे ही लोक से थे, हम उनसे दूर चले जाते हैं।

उदयपुर में बने सिटी पैलेस संग्रहालय में महाराणा प्रताप से संबंधित जानकारियाँ और वस्तुएँ देखने-जानने को मिलती हैं। वहाँ एक बोर्ड लगा है जिस पर लिखा है, 'यहाँ प्रदर्शित महाराणा प्रताप प्रथम (1572-1597 ई.) के कवच सहित निजी अस्त्र-शस्त्रों का कुल वजन ३५ किलोग्राम है।' वहाँ से यह भी जानकारी मिलती है कि उनके भाले का भार 17 किलो था।

### भारतीय संस्कृति





भारतीय संस्कृति के बारे में पं. मदनमोहन मालवीय का कहना है कि 'भारतीय सभ्यता और संस्कृति की विशालता और उसकी महत्ता तो संपूर्ण मानव के साथ तादात्म्य संबंध स्थापित करने अर्थात 'वसुधैव कुटुंबकम्' की पवित्र भावना में निहत है।'

**प. मदन मोहन मालवीय**

# द अग्ली डक्लिंग

एक बार एक बत्तख अपने ४ अंडों से बच्चे निकलने का बहुत लंबे समय तक इंतजार करती है। कुछ समय बाद उसके तीन अंडों से बच्चे बाहर आ जाते हैं, किंतु एक अंडा अब भी बचा था। एक दिन अचानक वह अंडा भी टूट गया और उससे जो बच्चा निकला वह अन्य से थोड़ा अलग था। वह थोड़ा बड़ा, सफेद रंग का और जिसकी गर्दन भी थोड़ी बड़ी थी। बत्तख अपने चारों बच्चों को जहाँ भी लेकर जाती सभी प्राणी उस अलग से बत्तख को अग्ली डकलिंग कहकर दुत्कार देते थे। दुखी होकर वह अग्ली डकलिंग अपनी माँ के पास जा ही रहा था कि उसने अपनी माँ को भी एक बिल्ली के कारण उसे दुत्कारते हुए सुना तो अग्ली डकलिंग वहाँ से दूर चला गया। वह जहाँ भी जाता लोग उसे दुत्कार देते थे और उसे लगता था कि वह बहुत बदसूरत है, इस वजह से कोई भी उसके साथ नहीं रहना चाहता है। वह डकलिंग घूमते-घूमते एक बुढ़िया के घर पहुँचा और वहाँ से भी उसे नकारा कहकर निकाल दिया गया। बेचारा डकलिंग अकेला मुश्किलों में अपने दिन बिताने लगा। एक दिन वह एक झील में बहुत उदास बैठा था, जहाँ एक हंसों का समूह आया तो वह उनसे छिपने लगा। समूह में से एक हंस ने उससे जाकर बात करने का प्रयास किया तो वह खुद को बदसूरत बताते हुए उससे दूर हो गया। ऐसा व्यवहार देखकर हंस ने उसे समझाया और बताया कि तुम भी हममें से एक हो, तुम एक हंस हो। यह सुनकर उसने पानी में खुद का प्रतिबिंब देखा तब उसे एहसास हुआ कि वह एक हंस है और वह भी सभी हंसों की तरह सुंदर है।

**सीख :** हर कोई सुंदर होता है, वह भले ही दुनिया के बनाए आदर्शों से कुछ अलग ही क्यों न हो।




## बूझो तो जानें...

**1. ऐसी कौन सी चीज है, जिसके पंख नहीं है, फिर भी वह हवा में उड़ती है, और हाथ नहीं फिर भी लड़ती है?**

**2. हरी डंडी लाल मकान, तौबा-तौबा करे इंसान बताओ क्या?**

**उत्तर अगले अंक में –**

**मई अंक का उत्तर- 1. छाता, 2. इलायची**




## ज्ञान गंगा

### छात्र के गुण

**काम क्रोध अरु स्वाद, लोभ शृंगारहिं कौतुकहिं।**
**अति सेवन निद्राहि, विद्यार्थी आठौ तजै।।**

**अर्थात :-** इस श्लोक के माध्यम से विद्यार्थियों को ८ चीजों से बचने के लिए कहा गया है। काम, क्रोध, स्वाद, लोभ, शृंगार, मनोरंजन, अधिक भोजन और नींद सभी को त्यागना जरूरी है।

### जीवन का महत्व

**यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रियाः।**
**चित्ते वाचि क्रियायांच साधुनामेक्रूपता।।**

**अर्थात :-** साधु यानी अच्छे व्यक्ति के मन में जो होता है, वो वही बात करता है। वचन में जो होता है यानी जैसा बोलता है, वैसा ही करता है। इनके मन, वचन और कर्म में हमेशा ही एकरूपता व समानता होती है। इसी को अच्छे व्यक्ति की पहचान माना जाता है।


Yours Tastefully
Anmol
TM
Enjoy Great Taste with Good Health
Anmol FruitBix
Anmol dream LITE
Anmol Marie Plus
With Best Compliments from:
Anmol Industries Ltd.
BISCUITS, CAKES & COOKIES
BISCUITS
For your comments, complaints and trade related queries write to us at info@anmolindustries.com
or call us at 1800 1037 211 | www.anmolindustries.com | Follow us on:

# महाराष्ट्र के प्रदेशाध्यक्ष बने निकेश गुप्ता




पिछले ६० सालों से पूरे राज्य में कार्यरत रहने वाले महाराष्ट्र प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष पद पर उद्यमी निकेश गुप्ता का निर्विरोध चयन किया गया है। महाराष्ट्र प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष पद पर अब तक विदर्भ केसरी स्व. ब्रिजलाल बियाणी, पूर्व मंत्री जमनलाल गोयनका, मदनगोपाल अग्रवाल (नागपुर), पूर्व मंत्री रमेशचंद्र बंग (नागपुर), जयप्रकाश मूंधड़ा (बसमत), राज कुमार पुरोहित (मुंबई) रहे हैं। प्रादेशिक सम्मेलन की सभा २८ अप्रैल को शेगांव में संपन्न हुई। यह सभा पूर्व मंत्री जयप्रकाश मूंधड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस सम्मेलन में प्रदेश के पदाधिकारी, पूर्व मंत्री रमेशचंद बंग, उद्यमी प्रांतीय महामंत्री निकेश गुप्ता, दामोदर लखानी, पूनम जाजू आदि की उपस्थित रही। सभा की शुरुवात में श्री संत गजानन महाराज के प्रतिमा का पूजन, दीप प्रज्ज्वलन कर गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से विदर्भ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष, महानगर व सनातन धर्मसभा पुस्तकालय के अध्यक्ष, मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े निकेश गुप्ता का निर्विरोध चयन किया गया। निकेश गुप्ता ने उपस्थित सभी सदस्यों, पदाधिकारियों के प्रति अपना आभार ज्ञापित किया। आगे श्री गुप्ता ने महाराष्ट्र के गाँव-गाँव में सम्मेलन की शाखा स्थापित करने के अपने संकल्प को व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री गुप्ता ने जालना के समाजसेवक सुदेश करवा को प्रदेश महामंत्री के रूप में चुना। श्री गुप्ता ने अपने चयन का श्रेय पूर्व मंत्री रमेशचंद्र बंग, जयप्रकाश मूंधड़ा तथा वीरेन्द्र प्रकाश धोका को दिया। कार्यक्रम में महेश बंग, सुभाषचंद्र देवीदान, सुरेश करवा, मनीष पंचारिया, महावीर जांगिड, शिव गांधी, संदीप राठी, विनीत अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेश भांगडिया, अनिल गोडी, अशोक व्यास, मानधने, बजरंग अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, संजय अग्रवाल, निलेश बोर्डेवाला, मनोज अग्रवाल, संतोष छाजेड, रोहित केडिया आदि पदाधिकारियों की उपस्थित रही।

## संक्षिप्त परिचय : निकेश गुलाबचंद गुप्ता

निकेश गुलाबचंद गुप्ता का जन्म ०७ मई १९७४ को हुआ। आपने बी. कॉम तक की शिक्षा प्राप्त की है। आपका 'गुप्ताज इंडस्ट्रियल एंड इंजीनियरिंग नाम से महाराष्ट्र के अकोला में एक सफल व्यवसाय है। आपका विवाह श्रीमती रुचि निकेश गुप्ता से हुआ, जो मारवाड़ी युवा मंच, मिडटाउन शाखा, अकोला की संस्थापिका अध्यक्ष एवं समाजसेविका हैं। आप सभी महाराष्ट्र प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष हैं। आप महाराष्ट्र प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान प्रांतीय महामंत्री, विदर्भ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज, अकोला के अध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश भारतीय जनता पार्टी व्यापारी आघाडी के प्रदेश मुख्य सलाहकार, दि कन्फडेरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, नई दिल्ली के प्रांतीय उपाध्यक्ष, राजस्थानी सेवा संघ, अकोला के निवर्तमान अध्यक्ष, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, नई दिल्ली के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य युवा अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज, मुंबई के कार्यकारिणी सदस्य, श्री सनातन धर्मसभा पुस्तकालय, अकोला के अध्यक्ष हैं।

आप 'राजीव गांधी समरसता पुरस्कार-२०१२', महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के द्वारा 'समाज गौरव पुरस्कार-२००८', सांसद श्री नवीन जिंदल तथा दैनिक भास्कर के मुख्य संपादक श्री रमेश अग्रवाल के द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय 'युवा गौरव पुरस्कार', लोकमत के मुख्य संपादक श्री विजय दर्डा के कर-कमलों से प्रतिष्ठित पुरस्कार 'आयकॉन अकोला पुरस्कार', गोवा के मुख्यमंत्री मा. श्री प्रमोद सावंत के कर-कमलों से रेडियो ऑरेंज सिटी का 'बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड', महाराष्ट्र के समाचार पत्र सकाळ द्वारा 'आइडियल्स ऑफ महाराष्ट्र पुरस्कार' जैसे कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किए जा चुके हैं।



आपने (१) २०१० में संपूर्ण महाराष्ट्र प्रदेश का दौरा कर युवाओं को संगठित कर औरंगाबाद शहर में महाराष्ट्र राज्य युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रांतीय अधिवेशन का सफल आयोजन किया, जिसमें राज्यभर से करीब १५०० अग्रवाल युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। (२) महाराष्ट्र के अग्रवाल समाज के बुजुर्ग माताओं-बहनों एवं समाज-बंधुओं को विशेष ट्रेन द्वारा अग्रोहा, राजस्थान, मथुरा एवं वृंदावन आदि के दर्शन कराया, जिसका लाभ करीब १३०० अग्रबंधुओं ने लिया। (३) अकोला शहर ही नहीं, अपितु पूरे महाराष्ट्र में युवाओं को संगठित कर किसी भी व्यापारी बंधुओं को कठिनाई के समय 'हेल्पलाईन' के माध्यम से मदद करने की योजना कार्यान्वित की। (४) महाराष्ट्र प्रादेशिक मारवाड़ी युवा मंच के इतिहास में पहली बार प्रांतीय युवा अधिवेशन समारोह का आयोजन राजराजेश्वर नगरी अकोला में माननीय अतिथियों के उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें पूरे महाराष्ट्र से १००० युवा साथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# प्रांतीय अध्यक्ष बने ओमप्रकाश अग्रवाल



२८ मई को विशाखापट्टनम के राजस्थानी सांस्कृतिक मंडल बवन में आंध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की आम बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर मार्गदर्शक कन्हैयालाल पारख, विशाखापट्टनम मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बिजेन्द्र कुमार गुप्ता, विजयवाड़ा मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुभाषचंद गुप्ता, श्रीकाकुलम मारवाड़ी सम्मेलन के सचिव संजय अग्रवाल समेत अन्य गणमान्य समाज-बंधु की उपस्थिति में प्रादेशिक अध्यक्ष चांदमल अग्रवाल ने मंच का संचालन किया।

वर्ष २०२४-२६ के लिए सर्व सम्मति से विजयवाड़ा के ओम प्रकाश अग्रवाल को प्रांतीय अध्यक्ष, बालकिशन लोया को महामंत्री व बाबूलाल पोद्दार, मनोज गुप्ता, बिजेन्द्र गुप्ता एवं पोड़ेश्वर पुरोहित को उपाध्यक्ष, विनीत लोहिया को उपसचिव और राजेश कुमार भंसाली को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में सुभाषचंद गुप्ता, द्वारकाप्रसाद अग्रवाल, स्यामसुन्दर लिखमानिया, ओमप्रकाश जोशी, रतनलाल सैन, मिश्रीमल राजपुरोहित, रतनलाल चौधरी के साथ संजय अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, अमित टांक, आर. नरेन्द्र राठौड़, पी. श्यामचंद गहलोत, सुरेश अग्रवाल, गिरधारीलाल अग्रवाल, डी. शंकरलाल शर्मा, राजकुमार धानुका और विशाखापट्टनम से विजयकुमार अग्रवाल, राजेश कुमार कोठारी, सुनिल कुमार राठी, सीताराम शर्मा, मनोज कुमार बंसल, संगम टाटिया को कार्यकारिणी का कार्यभार सौंपा गया। संरक्षक सदस्य कन्हैयालाल पारख ने नव निर्वाचित अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं चांदमल अग्रवाल जी के साथ वर्ष २०१९ से २०२४ तक उपाध्यक्ष रहा हूँ और समय-समय पर इन्होंने मेरा मार्गदर्शन करते हुए विजयवाड़ा में शाखा की शुरुआत करवाई। आगे कहा कि चांदमल जी ने जिस लगन से कार्य किया है, उसी को आगे बढ़ाते हुए मैं पूरी मेहनत से कार्य करते हुए सभी को साथ लेकर समाज को आगे बढ़ाऊंगा। सुमन प्रकाश सरावगी और कन्हैयालाल पारख, विजय कुमार पोद्दार और डॉ. रसिक संघवी को मार्गदर्शन करने के लिए संरक्षक बनाया गया। नव-निर्वाचित सचिव बालकिशन लोया ने कहा कि मेरे पिता जी ने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से अपने संकल्प पर ५८ वर्षो तक स्कूलों में सेवा दी। पिता जी के बताए मार्ग पर चलते हुए मैं भी मिले दायित्व का निर्वहन मन, वचन, कर्म से करूँगा। अन्य वक्ताओं में शंकरलाल शर्मा, डॉ. रसिक संघवी ने भी अपने विचार रखे। अंत में विनोद कुमार सोमानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त परिचय : ओम प्रकाश अग्रवाल

ओमप्रकाश अग्रवाल का जन्म ०२ मई १९६२ को राजस्थान के गाँव बागरा, जिला जालौर में हुआ। आपके पिता का नाम छगनलाल और माँ का नाम शांति देवी है। परिवार में आप चार भाई और तीन बहनें हैं। आज भी आप चारों भाईयों का संयुक्त परिवार है। आपने सिरोही राजस्थान कॉलेज से वर्ष १९८० में बी. कॉम तक की शिक्षा प्राप्त की है। आपका विवाह २१ मई १९८१ को ललिता देवी से हुआ। आपके पिताश्री का गाँव में पुस्तैनी किराना का व्यापार था। दो साल तक आप उनके साथ रहे। वर्ष १९८३ में बंबई जाकर प्लास्टिक सामान और चूड़ियों का व्यापार शुरू किए। वर्ष १९८७ में आप विजयवाड़ा आकर 'होम एप्लायंसेज' के नाम से पंखे और मिक्सी नाने का कार्य शुरू किया। वर्ष १९९२ से 'श्याम मार्केटिंग' नामक व्यवसाय को सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं। आप लंबे समय से सामाजिक कार्यों में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। अभी आप श्री बाबा रामदेव सेवा मंडल के ट्रस्टी, श्री गणेश उत्सव समिति के प्रमुख, विजयवाड़ा इलेक्ट्रिकल डीलर एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य, निर्वाचन से पहले तक आप आंध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष रहे हैं। आप अग्रवाल समिति, विजयवाड़ा के सचिव भी रहे। अभी आप आंध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।



# राजनीति में मारवाड़ी समाज की वर्तमान भागीदारी



– प्रियंकर पालीवाल
लेख चयन समिति के अध्यक्ष

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के मुखपत्र 'समाज विकास' के 'सम्मेलन मंच' के स्तंभ हेतु आए लेखों के चयन समिति के अध्यक्ष प्रियंकर पालीवाल ने सूचित किया कि चयन समिति ने सर्वसम्मति से तीन लेखों को पुरस्कृत करने की अनुशंसा की है जो निम्नवत हैं –

**प्रथम पुरस्कार – श्री महेश पोद्दार (राँची, झारखंड)**
**द्वितीय पुरस्कार – श्री शंकर जालान (कोलकाता, प.ब.)**
**तृतीय पुरस्कार – श्री दिलीप केजरीवाल (चक्रधरपुर, झारखंड)**

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा 'राजनीति में मारवाड़ी समाज की वर्तमान भागीदारी' विषय पर आयोजित विचार-मंथन के अंतर्गत प्राप्त विभिन्न सुधी सदस्यों के विचारों से इतना तो तय है कि समाज के सदस्य राजनीति में मारवाड़ी समाज की घटती भागीदारी को लेकर चिंतित और चिंतनशील हैं।

**श्री विजय कुमार नेमानी (बखरी बाजार)** का मानना है कि मारवाड़ी समाज के युवा परिश्रमी और संघर्षशील होते हैं। अगर समाज के अभिभावक अपना समर्थन और सहयोग दें तो आने वाले समय में हमारे युवा राजनीति में भी महत्वपूर्ण स्थान सुनिश्चित कर सकेंगे। श्री गोविंद प्रसाद शर्मा (दुर्गापुर) का भी यह विश्वास है कि मारवाड़ी समाज के पढ़े-लिखे लोग राजनीति के क्षेत्र में कुछ अच्छा करने में पूर्णरूपेण सक्षम हैं।

**श्री मोहित सुल्तानिया (चाईबासा)** का मानना है कि अब तक हम राजनीतिक तौर पर अपनी मुखरता साबित नहीं करेंगे तब तक सत्ता में बैठे लोग और दल हमें उचित महत्व नहीं देंगे। यह नासमझी है कि राजनीति का मतलब लोग चुनाव लड़ना और सत्ता दखल करना ही समझते हैं। चुनावी प्रक्रिया से दूर रहकर भी राजनीति हो सकती है। मारवाड़ी समाज के संदर्भ में यह राजनीति अपनी आत्मरक्षा के लिए दबाव बनाने की राजनीति हो सकती है। **श्री नंदकिशोर बजाज (नॉर्थ लखीमपुर)** स्वीकार करते हैं कि वर्तमान राजनीति में मारवाड़ी समाज की भागीदारी ऊँट के मुँह में जीरे जैसी बात है। एक तो हमारी भागीदारी कम है, और जितनी है वह भी प्रभावहीन है। श्री सुमित अग्रवाल (भवानीपटना) भी यही मानते हैं कि अभी तक मारवाड़ी समाज की जो भी भागीदारी राजनीति में रही है, वह संतोषजनक नहीं है।

**श्री शंकर बिड़ला (गुवाहाटी)** का मत है कि आज के समय में मारवाड़ी समुदाय के कई सदस्य विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं। वे न केवल राजस्थान, बल्कि पूरे भारत में राजनीतिक रूप से सक्रिय हैं। मारवाड़ी समुदाय के लोग अब उच्च राजनीतिक पदों जैसे कि मंत्री, सांसद और विधायक के पद पर आसीन हैं और वे राजनीतिक निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। **श्री नरेंद्र सोनी (गुवाहाटी)** का प्रेक्षण है कि मारवाड़ी समाज के सदस्य राजनीति में भाग लेने के साथ-साथ समाज के उत्थान में भी सक्रिय योगदान देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में उनके द्वारा चलाए गए समाजसेवा के विभिन्न कार्यक्रम और योजनाएँ समाज के लिए एक बड़ा सहारा है।

**डॉ. अजय कुमार अग्रवाल (गुवाहाटी)** का कहना है कि मारवाड़ी समाज की राजनीति में भागीदारी के समक्ष कई चुनौतियाँ हैं। जातिगत राजनीति और क्षेत्रीय दलों के वर्चस्व के कारण मारवाड़ी समाज के नेताओं को कई बार संघर्ष का सामना करना पड़ता है। **श्री रोहित कुमार लिहला (ओडिसा)** अप्रत्यक्ष रूप से राजनीति को सहयोग देने और उसे प्रभावित करने के पक्ष में विचार व्यक्त करते दिखाई देते हैं।

अतः अधिकांश सदस्यों का यह मानना है कि हर दृष्टि से सक्षम मारवाड़ी समाज को अपना राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने के मामले में गंभीरता से विचार करना चाहिए और इसके लिए संगठित रूप से कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है।

(आए लेखों का संपादित अंश)

**नोट** : पीयूष कुमार राठी (शिवसागर, असम), गरिमा मूँधड़ा (जोरहाट, असम), गोविंद प्रसाद शर्मा (वर्धमान, पश्चिम बंगाल), सुमित अग्रवाल (नोआपाड़ा, उड़िशा), राजेंद्र गोयनका (रोहिणी, नई दिल्ली) का भी लेख प्राप्त हुआ।

कविता

## मातभोम



डॉ. दुलाराम सहारण
चूरू (राजस्थान)

थूं सदीव कैवे–
"म्हारौ गांव
आखी दुनिया में
सै सूं लूंठौ गांव छै!"

थूं ई सुण्यौ हुवैला
के म्हें ई कैवूं सदीव–
"म्हारौ गांव
आखी दुनिया में
सै सूं लूंठौ गांव छै!"

आपणां पड़ोसी
जिका कदै नीं जावै गांव
पण वै ई कैवे–
"म्हारौ गांव
आखी दुनिया में
सै सूं लूंठौ गांव छै!"

आ ई क्यूं
आपरलै स्हैर में
सूनी पड़ी हवेलियां रा वै सेठ
जिका कदै ई गया परदेस
आवै कदै-कदास जात-झड़ूलां
पण वांनै बतळायनै देख
वै ई कैवता लाधैला–
"म्हारौ गांव
आखी दुनिया में
सै सूं लूंठौ गांव छै!"

आ बणी बात है वाल्ही!
आप-आप रौ गांव
आप-आप रौ साच
आप-आप रौ हुवणौ
सगळां सारू लूंठौ हुवै!
सगळां सारू खरौ हुवै!
सगळा खरी ई कैवै!!

# व्यापार-समाज-शिक्षा में अग्रणी, अब राजनीति की बारी



– महेश पोद्दार
(पूर्व सांसद, राज्यसभा), राँची

मारवाड़ी समाज ने हर मामले में कामयाबी का परचम लहराया है। अब राजनीति में भी अग्रिम मोर्चे पर आने की बारी है। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा इस विषय पर विचारों को प्रेरित करना शुभ संकेत है।

हमारे मारवाड़ी समाज के पास साख, सेवा और संगठन - यह तीन प्रकार की विशेष पूंजी है। आज की राजनीति में 'साख' की जरूरत पहले से कहीं अधिक बढ़ी है। हम ऐसे अनगिनत उदाहरण अपने आसपास देख सकते हैं जहाँ कोई साख वाला व्यक्ति किसी मामले की मध्यस्थता करे, तो काफी उलझे हुए मामले भी सुलझ जाते हैं। भले ही आजकल ऐसी मध्यस्थता की प्रवृति में कमी आई हो, जो चिंता का विषय है, चाहे सामाजिक मामले हों, या व्यापार अथवा राजनीति या लोकनीति के। लेकिन 'साख' की अपनी पूंजी के जरिए हम अन्य क्षेत्रों के साथ ही राजनीति में भी अपनी पकड़ बढ़ा सकते हैं।

इसी तरह, 'सेवा' का ही एक रूप है सार्वजनिक जीवन जीना। लोकतंत्र में आगे आकर अपनी नेतृत्व क्षमता से नीतियों प्रभावित करना तथा जनहित के विषयों पर जनता को जागृत और प्रेरित करना भी सेवा का ही एक कार्य है।

साथ ही, लोकतंत्र में सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त होने के कारण संख्याबल को महत्वपूर्ण बना दिया है। सामाजिक संगठन तो देश में अनगिनत हैं, किंतु 'अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन' का गौरवशाली अतीत इसे ऐतिहासिक और विशिष्ट बनाता है। इस नाते सम्मेलन पर विशेष दायित्व भी है। देश में मारवाड़ी समाज की राजनीतिक उपस्थिति को प्रभावशाली बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संगठन के विस्तार और संख्याबल पर जोर देना लाभकारी होगा। आने वाले वर्षों में प्रांतों और राष्ट्रीय चुनावों को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध ठोस कार्ययोजना का निर्माण करके उसे कार्यान्वित करने का विनम्र सुझाव है।

मारवाड़ी समाज ने पारंपरिक व्यापार, उद्योग-धंधों के साथ ही आधुनिक प्रबंधन, स्टार्ट-अप और तकनीक को भी साधते हुए देश और दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा और साख कायम की है। टॉमस ए. टिम्बर्ग ने अपनी पुस्तक 'द मारवाड़ी फ्रॉम ट्रेडर्स टू इंडस्ट्रियलिस्ट' में हमारे समाज का महत्व बताया था। आर्थिक क्षेत्रों के साथ ही सामाजिक और शैक्षणिक मामलों में भी हम आगे हैं। हमारे समाज से बड़ी संख्या में प्रोफेशनल्स का निकलना भी काफी संतोषजनक है। डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और वकीलों से लेकर सिविल सर्विसेस में भी हमारे समाज ने अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया है।

अब समय के साथ बदलती चुनौतियों को समझते हुए हमें राजनीति में भी अपनी दखल बढ़ानी होगी। हमें संगठन को व्यापक आयाम देना होगा। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन ने समाज की विभिन्न कुरीतियों के खिलाफ जागृति का बीड़ा उठाया है। लेकिन राजनीतिक तौर पर प्रभावी होने के लिए सदस्यता संख्या में समुचित बढोत्तरी करना आवश्यक है। संख्या बल के बगैर कोई कद्र नहीं।

ध्यान रहे कि लायंस क्लब, रोटरी क्लब, विभिन्न चेंबर ऑफ कॉमर्स जैसे संगठनों की भी देश के अनेक हिस्सों में शाखा कार्यरत हैं। इसकी वजह से इनके सदस्यों की समाज, प्रशासन और राजनीति में विशेष पहचान बनी है। इनमें ऐसे संगठनों का अच्छा प्रभाव देखा जा सकता है। मारवाड़ी समाज के लोग अधिकांश राजनीतिक दलों में हैं, जहां उन्हें खास तौर पर कोष और आर्थिक मामलों तथा अन्य प्रबंधन के महत्वपूर्ण दायित्व दिए जाते हैं। ऐसा हमारी शानदार साख के कारण ही संभव हुआ है। अब यह जरूरी है कि विभिन्न पार्टियों के अग्रणी पदों तक पहुँचने का प्रयास करें। उदाहरण के लिए, स्वर्गीय सुशील मोदी जी ने छात्र जीवन से ही अपने बूते विशेष राजनीतिक पहचान बनाकर एक आदर्श प्रस्तुत किया। आज वह हमलोगों के बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृति हमें प्रेरित करती रहेगी।

इसी तरह, अरविंद केजरीवाल जी ने मात्र दस वर्षों के भीतर दो राज्यों में सरकार और राष्ट्रीय स्तर का संगठन बनाकर यह साबित कर दिया है कि राजनीति के नेतृत्वकारी पदों तक पहुँचने की योग्यता में हम किसी से पीछे नहीं। अब हमें अपनी पसंद की सभी पार्टियों में अपनी हैसियत मजबूत करते हुए राजनीतिक नेतृत्व में आगे आना चाहिए। हम किसी खास भौगोलिक क्षेत्र में मिमटे नहीं होने के कारण किसी क्षेत्र विशेष में अपना प्रभाव भले ही न बना सकें, लेकिन राष्ट्रीय सामाजिक संगठन को मजबूत करके अपना विशाल स्वरूप कायम कर सकते हैं। आज की राजनीति में छोटी-छोटी जातियां, उपजातियां अपना प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करती हैं। लेकिन एक समाज/समूह/जाति से परे, एक क्षेत्र या राज्य की पहचान के बल पर एक राजनीतिक इकाई के तौर पर पहचान नहीं बन पाई है।

अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के माध्यम से हम यदि संख्याबल में महत्वपूर्ण संगठन बना सके, तो केंद्र और राज्य में चाहे जिस भी पार्टी की सरकार हो, समाज हित की बात में हमें सुना जाएगा। यह बात अन्य वर्गों के मामलों में देखी जा सकती है। अब तक हमारी इमेज राजनीतिक दलों को विभिन्न प्रकार की मदद करने के बतौर अवश्य रही है, लेकिन एक सामाजिक समूह के बतौर नहीं देखा जा सकता, जिसकी सभी दलों को परवाह करनी पड़े। अपना मजबूत संगठन बनाते हुए विभिन्न दलों में नेतृत्वकारी पदों तक पहुंचकर हम ऐसी स्थिति उत्पन्न कर सकते हैं, जहाँ कोई भी दल, सरकार या प्रशासन हमारी उपेक्षा न करे।

आशा है, इस दिशा में सभी सदस्य गंभीरता से विचार करके समुचित कदम उठाएंगे। संघे शक्ति कलियुगे!

(संपादित लेख)
(प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत लेख)

सम्मेलन मंच

## आखिर बंगाल की राजनीति में क्यों हाशिए पर है राजस्थानी



**– शंकर जालान**
(आजीवन सदस्य, पत्रकार)

लाख टके का सवाल है कि बंग भूमि में कारोबार और परोपकार में आगे रहने वाले प्रवासी राजस्थानी आखिर राजनीति के क्षेत्र में हाशिए पर क्यों हैं। कई-कई दशकों या यूं कहें कि सदियों से देश की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले कोलकाता शहर में रह रहे प्रवासी राजस्थानियों का सूबे की राजनीति में साल-दर-साल प्रतिनिधित्व घटता जा रहा है।

मौजूदा वक्त में बंगाल की राजनीति में राजस्थानी समाज की भागीदारी करीब-करीब न के बराबर है। बंगाल में राजस्थानी सांसदों की संख्या शून्य (०), विधायक की संख्या एक (१) कोलकाता नगर निगम में पार्षदों की संख्या तीन (३), विधाननगर नगर निगम में राजस्थानी समाज का महज एक (२) पार्षद है।

कहना गलत नहीं होगा कि बंगाल की राजनीति में राजस्थानी समाज के एक तरह से लोप हो जाना मारवाड़ी समाज की संवेदनहीनता को दर्शाता है। इतिहास खंगालने पर ज्ञान होता है कि १९७७ में प्रवासी राजस्थानी विजय सिंह नाहर भारतीय लोकदल के सांसद हुआ करते थे। नाहर तत्कालीन उत्तर-पश्चिम कोलकाता चुनाव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। इतना ही नहीं पश्चिम बंगाल विधानसभा के सदस्य बनकर आनंदीलाल पोद्दार ने जनसेवा की, इनके बाद भी देवकीनंदन पोद्दार, राजेश खेतान, सत्यनारायण बजाज और दिनेश बजाज विधायक बने। चालू विधानसभा में विवेक गुप्ता प्रवासी राजस्थानियों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। चार-पांच दशक पहले तक बंगाल में सभी राजनीतिक पार्टियों में राजस्थानियों की मुख्य भागीदारी हुआ करती थी, लेकर फिलवक्त ऐसा नहीं है। बंगाल की राजनीति में राजस्थानियों के विमुख होते जा रहा है। अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि बंगाल की मौजूदा राजनीति में राजस्थानियों की कोई भूमिका आज नहीं रह गई है। राजनीति का सीधा सा नियम है - मतदान नहीं, तो प्रतिनिधित्व नहीं। प्रवासी राजस्थानियों के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। बंगाल से इतर अन्य प्रदेशों जैसे महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, बिहार, झारखंड में मारवाड़ी समाज के कई लोग मंत्री बने हैं, जबकि बंगाल में ऐसा नहीं है।

अचरज की बात यह है कि चार अक्षर वाले राजनीति और साढ़े चार अक्षर वाले राजस्थानी शब्द के पहले दो अक्षर बिल्कुल सामान है यानी 'राज'। राज से राजनीति शब्द बना और राज से ही राजस्थानी शब्द उपजा, लेकिन यह चिंता का विषय है कि राजनीति व राजस्थानी शब्दों में इतनी सामानता होने के बावजूद राजस्थानी समाज की राजनीतिक में उतनी मुखरता नहीं है, जितनी होनी चाहिए। आज हर क्षेत्र में राजस्थानी या यूं कहे कि मारवाड़ी समाज के युवक-युवतियां परचम लहरा रहे हैं यह हमारे की खुशी की बात है, लेकिन मारवाड़ी समुदाय की राजनीतिक मुखरता में कम होती चेतना चिंता का विषय है। राजस्थानी समाज के हितों की पूरी-पूरी रक्षा हो सके, इसके लिए मारवाड़ियों में राजनीतिक चेतना को बढ़ाना बहुत जरूरी है। जब तक हम राजनीतिक तौर पर अपनी मुखरता साबित नहीं करेंगे तब तक सत्ता में बैठे लोग और पार्टियाँ हमें उचित महत्व नहीं देंगी।

(द्वितीय पुरस्कार से पुरस्कृत लेख)

## मारवाड़ी समाज प्रायः राजनीति से दूर

**– दिलीप केजरीवाल, चक्रधरपुर**



व्यावसायिक क्षेत्रों में संलग्नता के कारण मारवाड़ी समाज की भारतीय राजनीति में उतनी सुदृढ़ स्थिति नहीं है, जितनी होनी चाहिए थी। स्वतंत्रता संग्राम के वित्तपोषक सेठ जमनालाल बजाज से लेकर डॉ. राममनोहर लोहिया सरीखे राजनीतिज्ञों ने भारतीय राजनीति में अपना योगदान आरंभ किया था। व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न होने के कारण मारवाड़ी समाज प्रायः राजनीति से दूरी बना कर रखता है।

(तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत लेख)

प्रादेशिक समाचार : पूर्वोत्तर

## मंडल की शाखाओं का दौरा



प्रादेशीय सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा ने अपनी टीम प्रांतीय महामंत्री विनोद लोहिया, उपाध्यक्ष मंडल 'के' सरजीत सिंह भारी, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, संयुक्त मंत्री मनोज काला, सहायक मंत्री इस्मिता शर्मा तथा बंगाईगाँव शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र हरलालका के साथ मंडल की शाखाओं का दौरा किया। दौरे का उद्देश्य था कोकराझाड़ तथा गोसाईगाँव में नई शाखाओं का गठन। सबसे पहले कोकराझाड़ पहुँचे, वहाँ आपसी परिचय के बाद कैलाश काबरा का फूलाम गामोछा से सम्मान किया गया। समाज-बंधुओं के साथ नई शाखा के गठन पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। सभागार में श्री काबरा ने उपस्थित लोगों के सामने सम्मेलन के इतिहास की संक्षिप्त परिचय दिया। सभा में उपस्थित सभी समाज-बंधुओं ने कोकराझाड़ में शाखा खोलने के लिए अपनी सहमति जताई। तत्पश्चात कोकराझाड़ में नई शाखा गठन का प्रस्ताव पारित हुआ। सभा में उपस्थित सभी की सहमति से किशन लाल नाहटा को संयोजक एवं दिलीप सेठिया व सुनील अंचलिया को सह-संयोजक नियुक्त किया गया। साथ ही वहाँ उपस्थित सभी १२ सदस्यों ने आजीवन सदस्यता ली। सभी सदस्यों का फूलाम गामोछा से अभिनंदन किया गया। नाहटा ने कहा कि उनकी टीम आगामी १ या २ सप्ताह के अंदर समाज से नए सदस्यों को जोड़कर साधारण सभा बुलाकर अपने अध्यक्ष/मंत्री का चयन कर प्रांत को सूचित कर देगा। वहाँ से सभी प्रांतीय पदाधिकारी फकीरग्राम पहुँचे, महिला शाखा की सदस्यों ने सभी का तिलक लगाकर तथा स्वागत गीत गाकर अभिनंदन किया। प्रांत की तरफ से फकीराग्राम महिला शाखा की अध्यक्ष/सहसचिव एवं कोषाध्यक्ष का फूलाम गामोछा से सम्मान किया गया। सभा में सदस्यों ने प्रांतीय अध्यक्ष से अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। तत्पश्चात गोसाईगाँव में एक सभा आयोजित की गई, वहाँ कालूराम झंवर को संयोजक एवं अभिषेक झंवर को सह-संयोजक बनाया गया। श्रीकालूराम ने आश्वासन दिया कि अति शीघ्र ही २५ आजीवन सदस्यों को जोड़कर शाखा का गठन कर लेंगे। मंडल के उपाध्यक्ष सरजीत सिंह भारी व सहायक मंत्री इस्मिता शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## शाखा समाचार : बाँकुड़ा, पश्चिम बंग

# शपथ ग्रहण समारोह




बाँकुड़ा शाखा के अध्यक्ष के रूप में नरेंद्र कुमार शर्मा ने ७ अप्रैल को शपथ ग्रहण किया। इस मौके पर बाँकुड़ा के पूर्व अध्यक्ष तथा तत्कालीन प्रांतीय सह अध्यक्ष दिनेश सराफ ने अपने दो साल के कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया। विष्णु बाजोरिया ने कहा संचार, सहयोग और सलाह द्वारा ही किसी संस्था को अच्छी तरह संचालित किया जा सकता है। राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री पवन जालान ने सम्मेलन द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य पर किए जा रहे कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल ने अपनी मारवाड़ी भाषा, नीति और नैतिकता किस तरह से ठोस बनी रहे उस पर विचार रखा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में समाज के बच्चे-बच्चियों को आगे आने के लिए उत्साहित किया। उन्होंने बाँकुड़ा शाखा के निर्वाचन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयुक्त शंभुनाथ सराफ व संतोष गोयनका का अभिवादन किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा को समाज को साथ लेकर चलने की शपथ दिलाई। निर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने मारवाड़ी में दिए गए अपने वक्तव्य में समाज के कमजोर वर्ग के बच्चे-बच्चियों के उच्च शिक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने एवं सर्व समाज को साथ लेकर चलने का संकल्प लिया।

सभा में -प्रांतीय सह संगठन मंत्री उमेश खंडेलवाल, पुरुलिया शाखा के अध्यक्ष रामलाल टांटिया एवं अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे। सभा का संचालन वर्षा रावत ने किया।

## शाखा समाचार : कटक, उत्कल

# शीतल जल मशीन का लोकार्पण



उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, कटक द्वारा 'मानव सेवा ही माधव सेवा' जनहित कार्यक्रम के तहत एक शीतल पेय जल मशीन को जनमानस को समर्पित किया। इस शीतल पेय जल मशीन को सम्मेलन के सदस्य दानदाता प्रकाश चंद जैन एवं उनकी धर्मपत्नी विमला देवी जैन ने अपने चाचा एवं चाची (स्व. माणकचंद सेठिया एवं स्व. बिमला देवी सेठिया) की पूण्य स्मृति में दान किया है। इसका लोकार्पण वार्ड ४१ की कारपोरेटर स्वर्णप्रभा पसायत एवं कटक शाखाध्यक्ष दिनेश जोशी के कर-कमलों से किया गया। इस समारोह में प्रकाश चंद जैन के परिवारजनों के साथ कटक जोब्रा अंचल के प्रमोद कुमार जेना (टूलू भाई) सभापति, मंत दास (संपादक, जोब्रा पूजा कमेटी), समाजसेवी निकुंज पसायत एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में कटक शाखा के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कमानी, वरिष्ठ सदस्य कमल अग्रवाल (मुन्ना भाई), जनसंपर्क अधिकारी निर्मल पुर्वा, उपाध्यक्ष अशोक चौबे (चंडी भाई), रमेश चौधरी, बजरंग चिमनका, प्रकाश अग्रवाल (छोटू भाई), सुरेंद्र वर्मा, रामकिशन शर्मा, संगीता शर्मा, सूरज लढाणिया, मनोज गोयनका, राजेश गोयल, सुनील कोठारी आदि अनेक कर्मठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## शाखा समाचार : आताबिरा, उत्कल

# शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




अताबीरा मारवाड़ी धर्मशाला परिसर में उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, अताबीरा शाखा के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गोविंद अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व अताबीरा सचिव जय प्रकाश अग्रवाल, बरगढ़ उपाध्यक्ष किशन लाल अग्रवाल, मंडल सचिव विनोद अग्रवाल अतिथियों के रूप में उपस्थित रहते हुए अग्रसेन महाराज की फोटो के समक्ष धूप-दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसके बाद सम्मेलन के अध्यक्ष शंभुनाथ अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, सचिव उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गणेश अग्रवाल एवं सात कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शिक्षा, साहित्य, सीए, एमबीबीएस में विशेषज्ञता हासिल करने वाले दर्शन अग्रवाल, ममता अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, आंचल अग्रवाल और राजेश।

अग्रवाल का शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बरगढ़ शाखा के जगदीश गोलपुरिया, अजय रेखानी और सैकड़ों सम्मेलन सदस्य उपस्थित रहे और सक्रिय सहयोग दिया। अंत में सचिव उमेश अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## प्रादेशिक समाचार : कर्नाटक

# जैन महापुराण ग्रंथ राज्यपाल को भेंट



जैन महापुराण ग्रंथ सात खंडों में प्रकाशित पुस्तक में छह हजार पृष्ठों में २० हजार संस्कृत श्लोकों का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत को जैन महापुराण की अंग्रेजी में अनुवादित प्रति भेंट करते हुए प्रो. राधाकृष्ण एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता व अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल।

## शाखा समाचार : महिला परिधि बेंगलुरु, कर्नाटक

# अनाथालय में बच्चों को दिया शिक्षण सामग्री



मारवाड़ी सम्मेलन महिला परिधि की ओर से के. आर. पुरम स्थित अनाथालय में शिक्षण सामग्री दी गई व अन्नदान किया गया। अध्यक्ष माया अग्रवाल, सलाहकार मंजू अग्रवाल, सचिव शालिनी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हेमलता सांवरिया के नेतृत्व में बच्चों को पाठ्य पुस्तकें व शैक्षणिक सामग्री के साथ ही राशन वितरण किया गया। उपाध्यक्ष निर्मला गोयल, सविता गुप्ता, आशा मित्तल, अंजू अग्रवाल, कविता गर्ग उपस्थित थीं।




कर्नाटक मारवाड़ी सम्मेलन और मारवाड़ी युवा मंच (बैंगलोर शाखा) आगामी ३० जून २०२४ को वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है, जिसका संपूर्ण विवरण फ्लायर में वर्णित है। रजिस्ट्रेशन के लिए नीचे दिये गये लिंक (Google form) पे क्लिक करें: https://forms.gle/9DMyER8RdGjU3h2PA. अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं: अरुण खेमका - ९०१९९३६१०७, पंकज जालान - ९४४८२३७१९८, स्नेहकुमार जाजू - ९७४२०४२०९७।

## शाखा समाचार : गुवाहाटी, पूर्वोत्तर

# प्रांतीय पदाधिकारियों ने किया महिला शाखा का दौरा



मारवाड़ी सम्मेलन, गुवाहाटी महिला शाखा की कार्यकारिणी सभा शाखा अध्यक्ष संतोष शर्मा की अध्यक्षता में सम्मेलन गुवाहाटी शाखा के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न विषयों के अलावा भावी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। शाखा सचिव मंजू भंसाली ने शाखा के प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया, जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना की। भावी कार्यक्रमों की चर्चा के दौरान सावन मास के उपलक्ष्य में 'नानी बाई को मायरा' का आयोजन, शाखा के प्रथम वर्ष पूर्ति के अवसर पर स्मारिका का विमोचन, आगामी साधारण सभा आयोजन पर चर्चा, पितृपक्ष में अयोध्या धाम के भ्रमण पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा ने महिला शाखा का दौरा कर उनके कार्यक्रमों के तालिका का अवलोकन कर संतोष प्रकट किया। इस अवसर पर उनके साथ प्रांतीय महामंत्री विनोद लोहिया, उपाध्यक्ष (मुख्यालय) रमेश चांडक, मंडलीय उपाध्यक्ष सुशील गोयल, सह मंत्री मनोज काला और पंकज पोद्दार उपस्थित थे। प्रांतीय पदाधिकारियों का तुलसी पौधा, आयुर्वेदिक की पुस्तक और भगवान गणेश का चित्र भेंटकर सम्मान किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में प्री-वेडिंग शूट का विरोध करते हुए इसे अपने घर तक ही सीमित रखने का आह्वान किया। इसके अलावा बच्चों के लिए भी ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम करने पर जोर दिया। मारवाड़ी संस्कृति के परिधान व श्रृंगार को भी बढ़ावा देने का अनुरोध किया गया। दिन में फेरों को प्रोत्साहन दिए जाने की बात भी प्रांतीय अध्यक्ष ने कही। प्रांतीय अध्यक्ष ने मारवाड़ी व असमिया भाषा व संस्कृति के कार्यक्रम भी आयोजित करने का सुझाव दिया। इस सभा में पुष्पा लोनी को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत कर स्मारिका की संपादिका नियुक्त किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष ने सदस्यों के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर देकर उनके जिज्ञासाओं का समाधान किया। सभा में शाखा सलाहकार सरला काबरा, वंदना सोमानी, इंदिरा जिंदल, मंजू पाटनी, शारदा केडिया के अलावा सह सचिव शोभना लड्ढा, शाखा जनसंपर्क सचिव संतोष काबरा व सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थीं। अंतिम कार्यक्रम में महिलाओं के बीच में कई मनोरंजन गेम खिलाए गए। शाखा सचिव मंजू भंसाली के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यकारिणी सभा का समापन हुआ।

शाखा समाचार : करीमगंज, पूर्वोत्तर

## शाखा का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह



मारवाड़ी सम्मेलन करीमगंज शाखा का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह विधिवत संपन्न हुआ। संस्थापक अध्यक्ष अजीत जैन एवं मंत्री विनोद गंग के नेतृत्व में कार्यकारिणी ने गतिविधियाँ आरंभ करते हुए पहले प्रकल्प के रूप में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के मंडल 'ई' के अंतर्गत इस सत्र में दूसरी नई शाखा का गठन हुआ है। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा, प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार लोहिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) रमेश कुमार चांडक, प्रांतीय उपाध्यक्ष मंडल 'ई' सुशील गोयल, सहायक मंत्री माखन अग्रवाल उपस्थित रहे।

शाखा समाचार : बंगाईगाँव, पूर्वोत्तर

## मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान




बंगाईगाँव शाखा एवं महिला शाखा ने बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन, असम एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित १०वीं तथा १२वीं की परीक्षाओं में ८० प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले करीब ३२ छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया गया। सर्वप्रथम शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार हरलालका, सचिव अजीत सिंह भंसाली, कोषाध्यक्ष किशोर कुमार जैन, मंडल 'जी' के उपाध्यक्ष सरजीत सिंह भारी, सलाहकार अखय चंद बैद, विशेष बक्ता राज कुमार अग्रवाल तथा महिला शाखा की अध्यक्ष मंजू दूगड़, सह-सचिव चंदा देवी भंसाली को मंच पर स्थान ग्रहण करवाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ अच्छी संख्या में अभिभावक, माता-पिता एवं समाज-बंधु उपस्थित थे। इस अवसर पर विशेष बक्ता के रूप में राज कुमार अग्रवाल के अलावा विजय कुमार सरावगी, शिखा हरलालका आदि ने सम्मान समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शाखा सचिव अजीत सिंह भंसाली, प्रचार सचिव गोपाल हरलालका, महिला शाखा अध्यक्ष मंजू दूगड़ ने किया। अभिनंदन समारोह को सफल बनाने में सम्मेलन शाखा एवं महिला शाखा के सभी सदस्यों की पूर्ण भागीदारी रही। महिला शाखा की सह-सचिव चंदा देवी भंसाली ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

शाखा समाचार : महिला बरपेटा रोड, पूर्वोत्तर

## महिला शाखा ने किया माताओं का सम्मान




१२ मई को मारवाड़ी सम्मेलन बरपेटा रोड महिला शाखा की पहल पर विश्व मातृ दिवस के उपलक्ष्य में समाज की वरिष्ठ मातृ शक्ति अनोप देवी बोथरा एवं शारदा देवी अग्रवाल का सम्मान उनके निवास स्थान पर जाकर किया गया। शाखा सचिव मृदुला माहेश्वरी द्वारा उनके सम्मान में प्रशस्ति पत्र पढ़ा गया। सलाहकार अनुराधा माहेश्वरी ने मातृ शक्ति के सम्मान में अपने भाव व्यक्त किए एवं प्रांतीय सहायक मंत्री इस्मिता शर्मा ने भी अपने भाव प्रकट किए। अनोप देवी बोथरा के पुत्र शुभकरण बोथरा ने महिला शाखा का दिल से आभार व्यक्त किया। वहीं शारदा देवी अग्रवाल के पुत्र पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय सांस्कृतिक संयोजक प्रमोद अग्रवाल ने भी महिला शाखा को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष स्मिता धिरासरिया, सचिव, प्रांतीय सहायक मंत्री, सलाहकार सरला शर्मा, उपाध्यक्ष कविता खेमका, प्रचार मंत्री शीक्षा अग्रवाल उपस्थित रहीं।

शाखा समाचार : सरुपथार, पूर्वोत्तर

## महकमाधिपति से मुलाकात



सरुपथार मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्यों ने IAS अधिकारी तथा धनशिरी महकमाधिपति श्रेया सिंघल से मुलाकात करते हुये उनको मारवाड़ी सम्मेलन के इतिहास से अवगत कराया। सम्मेलन के अध्यक्ष दिनेश भिलवारिया तथा उनकी टीम ने फुलाम गमोछा पहनाकर उनका स्वागत किया एवं एक अभिनंदन पत्र भी सौंपा। सम्मेलन द्वारा उनको आज श्री उमेश खंडेलिया द्वारा संपादित पुस्तक 'कीर्ति सुभाष' भेंट की। इस अवसर पर सम्मेलन सदस्य एवं सरुपथार नगर पालिका अध्यक्ष समाज गौरव उषा अग्रवाल के अलावा शाखा उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, सचिव जयंत हरलालका, कोषाध्यक्ष कौशल गिनौरिया, सदस्य श्रीमती मधु बगड़िया उपस्थित रहीं।




Rungta Office, Nagpur Parishad Complex, Chaibasa, Jharkhand-833201

Introducing

# nouriture

## New thinking that heralds the journey to progress




Nouriture is here to usher in a new era of livestock farming through new products, technologies and services. Building on its heritage of 19 years under the name Anmol Feeds, its range includes easily digestible Poultry, Fish, Cattle and Shrimp Feed. Nouriture produces superior quality poultry feed under three different brand names that are nutritious and accelerates growth of poultry. Indeed, with the advent of Nouriture, Indian livestock farming is all set for a revolution. So choose Nouriture, choose progress.

HIGH YIELD | PROMOTES ANIMAL HEALTH | MANUFACTURED USING MODERN FORMULATION

Scan to visit website

**POULTRY FEED | FISH FEED | SHRIMP FEED | CATTLE FEED**

Manufactured & Marketed by:
**ANMOL FEEDS PVT. LTD.**

Toll free number:
**1800 3131 577**

Unit No. 608 & 612, 6th Floor, DLF Galleria, New Town, Kolkata-700156, West Bengal
P +9133 4028 1011-1035 E afpl@nouriture.in W www.nouriture.in

शाखा समाचार : कामरूप, पूर्वोत्तर

## चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर कामरूप शाखा द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शाखा समाचार : बाराणसी, उत्तर प्रदेश

## विधायक डॉ. नीरज बोरा का सम्मान



मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आयोजित एक समारोह में लखनऊ के विधायक डॉ. नीरज बोरा का सम्मान किया गया। डॉ. बोरा ने कार्यक्रम के दौरान डॉ. बोरा ने मतदान जागरुकता के पोस्टर का विमोचन किया, जो मतदान जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। मारवाड़ी सम्मेलन वाराणसी के अध्यक्ष अनुज डिडवानिया ने कहा, 'हम डॉ. नीरज बोरा का अभिनंदन करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल जाजोदिया ने कहा कि देश की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मतदान के लिए आगे आना चाहिए। अंत में, सचिव हेमदेव अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में यदुदेव अग्रवाल, कृष्णा काबरा, पंकज टेकरीवाल, महेश चौधरी, आनंद लडिया, श्याम मनोहर लोहिया, महेश पोद्दार, सुरेश खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

शाखा समाचार : सूरत, गुजरात

## नारी संरक्षण गृह में भोजन की व्यवस्था



गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, सूरत जिला ईकाई के कार्यकारिणी सदस्य कन्हैयालाल बेद द्वारा अपनी माताश्री स्व. मुलतानी देवी एवं हनुमान मल बेद की पूण्यतिथि पर २१ मई को नारी संरक्षण गृह में रात के भोजन की व्यवस्था की।

शाखा समाचार : सूरत, गुजरात

## बाल भोग प्रसाद वितरण



नरसेवा नारायण सेवा की कड़ी में २८ मई एवं ११ जून को भटार चार रास्ता पर बाल भोग प्रसाद वितरण की सेवा की गई, जिसमें प्रमुख रूप से गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, सूरत जिलाध्यक्ष सुशील अग्रवाल, सचिव हेमंत गर्ग, राजा अग्रवाल, सूर्य कांत अग्रवाल, संतोष बजाज, विजय सरावगी, सुनील अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम संतोष बजाज एवं सुनील अग्रवाल आशीर्वाद एवेन्यू के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।

शाखा समाचार : सूरत, गुजरात

## दो शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन



गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, सूरत जिला ईकाई के कार्यकारिणी सदस्य कन्हैयालाल बेद के द्वारा अपनी धर्म पत्नी स्व. धनी देवी की पूण्य स्मृति में प्रथम स्थायी शीतल जल प्याऊ का शुभ उद्घाटन आशीर्वाद एवेन्यू सोसाइटी सी टावर के अध्यक्ष संजय गनेरीवाल के कर-कमलों द्वारा आज १९ मई को किया वहीं २० मई को शिव दर्शन टेक्सटाइल मार्केट में एक और शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन किया। इस मौके पर गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन सूरत जिला ईकाई के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल सुशील अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य कन्हैयालाल बेद, अध्यक्ष संजय गनेरीवाल, बिजय कांत जीखटेड, फोस्टा के अध्यक्ष कैलाश हाकिम, सुनील अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, साकेत ग्रुप के सांवरमल बुधिया, फोस्टा के निदेशक हंसराज जैन, ललित जैन, दीपचंद चौधरी, पुरूषोत्तम अग्रवाल, शिवराज पारिख, नीरज अग्रवाल, कैलाश शाह, जे. पी. शंकर, साकेत ग्रूप के रामधारी रामरतन बोहरा, मोहन सिंह राजपुरोहित अध्यक्ष शिव दर्शन मार्केट, सचिव तेजकरण प्रजापति, एवं कई गण्यमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# वृक्षारोपण का कार्यक्रम



गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन (सूरत शाखा), मानव सेवा ट्रस्ट, महानगर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं अग्रवाल प्रगति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में २१ जून को नव लोहिया क्रिकेट ग्राउंड आभवा गांव में वृक्षारोपण किया गया। मौके पर अग्रवाल प्रगति ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश मित्तल, सचिव रत्न लाल दारूका, रमेश श्याम बिश्ववनाथ, गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, सूरत जिलाध्यक्ष सुशील अग्रवाल, सचिव हेमंत गर्ग, सूर्यकांत एवं अन्य गण्यमान्य सदस्य तथा नारी शक्ति उपस्थित थीं।

**शाखा समाचार : बेतिया, बिहार**

## चार स्थायी एवं एक अस्थायी प्याऊ का लोकार्पण




बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, शाखा बेतिया द्वारा भीषण गर्मी में चार स्थायी एवं एक अस्थायी प्याऊ के माध्यम से लगातार आम जनों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण




बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, शाखा बेतिया द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज शाका अध्यक्ष श्री प्रेम जी सोमानी के नेतृत्व में उपस्थित सदस्यों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री प्रेम जी सोमानी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी देश वासियों से इस अभियान में भाग लेने का अग्रह किया। सचिव सुभाष जी रूंगटा द्वारा मनाली से मंगाये गये विशिष्ट पौधों को लगाया गया। उपाध्यक्ष रवि गोयनका एवं वरीय सदस्य श्री पुरुषोत्तम जी सिघानिया एवं श्री गणेश जी काजरिया ने सभी समाज बन्धुओं से कम से कम एक पेड़ लगाने का आग्रह किया।

**प्रादेशिक समाचार : झारखंड**

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का पालन



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में आयोजित योग महोत्सव में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया।

**शाखा समाचार : पटना, बिहार**

## नि:शुल्क सत्तु का वितरण




बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन पटना नगर शाखा द्वारा आज तपती दुपहरी में राहगीरों के बीच शीतल शुद्ध मसालेदार चने का सत्तु का वितरण किया गया। इस अवसर पर रंदीप झुनझुनवाला, अंजनी सुरेका, सुनील मोर, संजय कानोडिया आदि अनेक सदस्यों ने श्रमदान किया।

**शाखा समाचार : टिटलागढ़, उत्कल**

## टिटलागढ़ विधायक नवीन जैन का सम्मान



१६ जून को उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन और टिटलागढ़ शाखा की तरफ से नवनिर्वाचित टिटलागढ़ विधायक नवीन जैन के सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय महासचिव डॉ. सुभाष अग्रवाल, रूपरारोड शाखा अध्यक्ष प्रकाश गोयल एवं राजेश कुमार अग्रवाल मंच पर उपस्थित रहे। नगर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति के साथ-साथ मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य, महिला मंडल की सदस्य, सम्मेलन के सदस्य, अशोक जैन, माणिक जैन, विजय कुमार अग्रवाल, सत्यनारायण गुप्ता, ईश्वर चंद जैन, विनोद मरोदिया एवं महानगरपालिका अध्यक्ष ममता जैन की उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रही थी।

**शाखा समाचार : अंगुल, उत्कल**

## रक्तदान शिविर का आयोजन



९ जून को अंगुल शाखा तथा शहर की अन्य संस्थाओं के सहयोग से विराट रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें १०९ यूनिट रक्त संग्रह किया गया। उक्त शिविर में प्रांतीय दिशा निर्धारण समिति के वरिष्ठ सदस्य जितेंद्र गुप्ता, अंगुल शाखा उपाध्यक्ष राजेश जिंदल, शाखा सदस्य कैलाश जिंदल, शाखा सदस्य कमल अग्रवाल और अन्य सदस्यगण के साथ उपस्थित रहे।

**शाखा समाचार : सक्ति, छत्तीसगढ़**

## सीखने की इच्छा ही आगे बढ़ने को करती है प्रेरित



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की शक्ति शाखा द्वारा विगत २७ मई से आयोजित २० दिवसीय समर मिड ब्रेन कैंप का समापन १६ जून को स्थानीय स्टेशन रोड स्थित होटल गिरिराज रैन बसेरा शक्ति के सभागार में हुआ। कार्यक्रम के दौरान वीणावादिनी माँ सरस्वती एवं भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान मंचस्थ अतिथियों में शक्ति जिले के आई.ए.एस. कलेक्टर अमृत विकास टोपनो मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। साथ ही मंच पर अन्य अतिथियों में जिला अधिवक्ता संघ सक्ति के अध्यक्ष नरेश सेवक, सक्ति शाखा के संरक्षक रामावतार अग्रवाल, अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार, अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल, सचिव राकेश अग्रवाल, प्रेस क्लब सक्ति के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद्र गर्ग, मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा सक्ति की पूर्व अध्यक्ष मंजुला देवी अग्रवाल, गुड्डी देवी अग्रवाल, रितु श्याम अग्रवाल, उषा अमरलाल अग्रवाल एवं गिरिराज रैन बसेरा परिवार की वरिष्ठ महिला सदस्य अंगूरी देवी, किशन लाल अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन देते हुए शाखा अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल ने बताया कि बच्चों के मानसिक विकास की दिशा में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सक्ति शाखा निरंतर सेवा के काम तथा रचनात्मक कार्य कर रही है, वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समर मिड कैंप की प्रमुख प्रशिक्षक विनीता ने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों के मस्तिष्क विकास की दृष्टि से काफी लाभप्रद है। शहर में विगत चार वर्षों से निरंतर गर्मी की छुट्टियों में इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इस वर्ष लगभग ५० बच्चों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की।

# हमारे नवनिर्वाचित शाखाध्यक्ष

**शाखा : गुवाहाटी ग्रेटर, पूर्वोत्तर**

## दीपक पोद्दार



आपका जन्म डिब्रूगढ़ के कुलीन पोद्दार परिवार में माता-पिता श्रीमती सुमित्रा देवी, प्रताप पोद्दार के प्रथम संतान के रूप में २४ फरवरी १९७४ को हुआ। आपका पैतृक गाँव राजस्थान के पायली, जिला नागौर में है। गोधूला ब्राउन मेमोरियल इंग्लिश स्कूल में मेट्रीक तक की शिक्षा ग्रहण कर उच्च शिक्षा हेतु दिल्ली प्रवास हुआ। दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कालेज से राजनीतिक शास्त्र में स्नातक की डिग्री हासिल की। १२ दिसंबर १९९६ को शिवसागर के श्री राधेश्याम साहेवाला एवं श्रीमती सीता देवी साहेवाला की सुपुत्री रश्मि के साथ प्राणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। बचपन से ही आपका जुड़ाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शिवसागर शाखा से रहा। कॉलेज के दिनों में ही आपका अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से सक्रिय जुड़ाव हो गया था। वर्तमान समय में आपके डीजल पावर, रामाधणी कंस्ट्रक्शन, स्वस्तिक ग्लोबल व श्री सात्विक इंडस्ट्रीज के रूप में व्यवसायिक प्रतिष्ठान हैं। आपने २००८ में गुवाहाटी में बाबा रामदेव भक्त संगम परिवार की स्थापना की एवं निरंतर इसके संयोजक की भूमिका में हैं। वर्तमान समय आप शिवसागर परिवार (गुवहाटी) के सचिव, अखिल भारतीय बाबा रामदेव भक्त संगम मे संयुक्त सचिव, श्री खाटू श्याम मंडल (दिसपुर), श्री लाचित नगर हनुमान मंदिर, श्री गणेश जन्मोत्सव समिति (दिसपुर), श्री श्री हनुमान मंदिर (गणेशगुड़ी) में सक्रिय भूमिका तथा लायंस क्लब (रुटस), भारतीय जनता पार्टी, जी. एल.पी. सोशल सर्किल, अग्रवाल सभा तथा श्री गुवाहाटी गौशाला के सदस्य हैं। परिवार में सभी मायड़ भाषा का व्यवहार करते हैं।

**शाखा : सरुपथार, पूर्वोत्तर**

## दिनेश भिलवारिया



आपका जन्म राजस्थान के सीकर जिला के लोसन में स्वर्गीय घासीलाल भिलवारिया एवं श्रीमती शकुंतला देवी भिलवारिया के यहाँ ५० वर्ष पूर्व हुआ। आपने प्रारंभिक शिक्षा सरुपथार हाईस्कूल और कोलकाता के सेठ आनंदराम जयपुरिया कॉलेज से १९९५ में बीकॉम (स्नातक) की डिग्री हासिल की। आपकी कर्मभूमि अभी असम के गोलाघाट की सरुपथार है। आपकी पत्नी ऊषा अग्रवाल सरुपथार नगरपालिका की अध्यक्ष हैं। आपका व्यापारिक प्रतिष्ठान मेसर्स भिलवारिया एसोसिएट और श्री श्याम कंस्ट्रक्शन सरुपथार में स्थित है। २००३ में आप पूर्वांचल प्रहरी में रिपोर्टर, बाद में दैनिक पूर्वोदय अखबार के जन्मलग्न से सरूपथार के स्थानीय संवाददाता बने। २०११ में भारतीय जनता पार्टी के सरुपथार से विधायक पद के उम्मीदवार, सरूपथार चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व सचिव, पूर्व अध्यक्ष, तथा मारवाड़ी युवा मंच सरूपथार शाखा के पूर्व सचिव, श्री हनूमान मंदिर परिचालना समिति के पूर्व सचिव, वर्तमान में अग्रवाल सम्मेलन सरुपथार के कार्यकारी अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, गोलाघाट के उपाध्यक्ष हैं। अभी आप मारवाड़ी सम्मेलन सरुपथार के शाखाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

# ओंकारमल अगरवाला : साधक, समन्वयक, सिंह पुरुष



– उमेश खंडेलिया, धेमाजी, असम

राजस्थानी में एक कहावत है, जिसका भावार्थ है – 'जने तो जन वीर की जननी अन्यथा निपुति ही भली'। इसी तरह दूसरी एक कहावत के अनुसार, अपने जीवन को ऐसे कर्मों में लगाना चाहिए जिसे आपके चले जाने पर याद करके दुनिया दुखी हो और आपको याद करे।

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आदरणीय ओंकारमल जी ने इन दोनों ही मुहावरों को अपने जीवन में आत्मसात कर लिया था। हम हमारे अपने जीवन में लाखों लोगों के साथ संपर्कित होते हैं, परंतु मानस पटल पर अंकित रह जाने वाले बहुत ही कम संख्यक रह जाते हैं, इनमें से भी कुछ लोगों का स्थान बहुत ही विशिष्ट और आदरणीय हो जाता है। ऐसे भी लोग होते हैं जिनको हम काफी हद तक अपना आदर्श भी मान लेते हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्यतम समाज संगठक ओंकार भाई जी का स्थान मेरे जैसे बहुतों के नजरों में कुछ ऐसा ही था। अपने ३८ वर्षीय सामाजिक क्षेत्र में संलग्नता में मैंने काफी गहराई से महसूस किया है कि संगठन के नेताओं की कथनी और करनी में निर्लज्जता की हद तक अंतर होता है।



**ओंकारमल अगरवाला**
२१ अक्तूबर १९४५ – १० जनवरी २०२२

ऐसे भी बहुत लोग रहे हैं जिन्हें मेरे मानस ने अपने आदर्श के रूप में ग्रहण कर लिया। मारवाड़ी सम्मेलन से संपर्कित आदरणीय भंवरमल जी सिंघी, बजरंग लाल जी जाजू, नंदकिशोर जी जालान आदि कुछ नाम हैं, जिनसे मैं युवा काल में परिचित और प्रभावित हुआ था। समाज में अनवरत चेतना संचार के लिए चिंतन करने वाले ओंकार जी भी ऐसे ही एक व्यक्ति थे जिन्होंने मुझमें समाज के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा का संचार किया था। असम के मारवाड़ी समाज का इतिहास या समाज से संबंधित तथ्य संग्रह करने की आवश्यकता पहली बार सन २००० में मैंने उनसे ही समझी थी। इस संदर्भ में मोरान की एक महिला प्रवक्ता को पीएचडी करवाने की सोच के तहत सम्मेलन की ओर से लाखों रुपए व्यय भी किए गए थे। उनके ही अनुरोध पर मैं सन २००१ में उस महिला प्रवक्ता से मिला भी था। उन्होंने इस संदर्भ में कुछ काम भी किया था, परंतु किन्हीं कारणों से यह कार्य आगे नहीं बढ़ पाया। ओंकार जी से सबसे पहले मैं १९९६-९७ में गुवाहाटी के सांगानेरिया धर्मशाला में अनुष्ठित सम्मेलन की एक सभा में मिला था। विजय जी गोयनका उस वक्त प्रांतीय महामंत्री थे और उन्हीं के विशेष आग्रह पर मैं सभा में उपस्थित हुआ था। उस सभा में सबसे कम उम्र का सदस्य मैं ही था। सभा में पहली बार एक साथ जयदेव जी खंडेलवाल, जी. एल. अग्रवाल, गणपत राय जी धानुका, ओंकारमल जी अग्रवाल, विजय जी मंगलुनिया आदि जैसे दिग्गज सामाजिक नेताओं के सामने पहली बार बात करने की हिमाकत की थी। सभा समाप्ति के पश्चात काफी देर तक चर्चा चली। सम्मेलन के प्रति मेरा आकर्षण तब से ही बढ़ने लगा था।

अलग-अलग अवसर पर और स्थानों पर जब भी मेरी मुलाकात ओंकार जी से होती तो वह समाज के इतिहास की आवश्यकता पर चर्चा अवश्य करते थे। मारवाड़ी समाज में राजनीतिक चेतना का जागरण उनका अन्यतम विषय होता था। धीरे-धीरे मेरा मन भी मारवाड़ी समाज की सकारात्मक और वास्तविक छवि असमिया समाज के बीच प्रतिष्ठा के लिए तैयार होने लगा। २०१४ में ओंकार जी तब सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष व मधुसूदन जी सीकरिया महामंत्री थे, प्रख्यात आंदोलनजीवी अखिल गोगोई ने मारवाड़ी समाज के कुछ विशेष व्यक्तियों पर निशाना साधते हुए पूरे समाज पर अभद्र टिप्पणी की थी। ओंकार जी के नेतृत्व में महामंत्री सीकरिया ने सम्मेलन समाचार के संपादक राजकुमार जी झांझरी (जोकि स्वयं एक प्रखर पत्रकार और असमिया साहित्यकार है) के सहयोग से अखिल गोगोई की उन टिप्पणियों का कड़ा प्रतिवाद किया। असम के अधिकांश असमिया समाचार पत्रों में सम्मेलन का प्रतिवाद प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था। यह मेरे ३१ वर्षीय मंच और सम्मेलन के कार्यकाल में पहला अनुभव था, जब किसी असमिया जननेता के वक्तव्य का प्रतिवाद असमिया भाषा में असमिया समाचार पत्रों में सम्मेलन द्वारा तीव्र प्रतिक्रिया की गई हो। मारवाड़ी नेता द्वारा आम तौर पर किए जाने वाले प्रतिवाद के विपरीत इस प्रतिवादी वक्तव्य की कठोरता ओंकार जी के आवेश व तेवर को प्रतिफलित कर रहे थे। मैंने प्रांतीय सभा और सम्मेलन समाचार में भी विषय पर अपने विचार रखे थे। स्मरणार्थ उल्लेख करना चाहूँगा कि सम्मेलन द्वारा व्यक्त उस तीव्र प्रतिवाद के बाद आज तक मारवाड़ी समाज को लेकर अखिल गोगोई ने कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की है। ओंकार जी के नेतृत्व में सम्मेलन की यह एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि है।

मेघालय में गैर खाशी समुदाय के विरोध में आए दिन हिंसात्मक घटनाएँ होती ही रहती हैं, जिसके चलते वहाँ के निवासी मारवाड़ी समाज को बहुत ही क्षति पहुँचती है। ऐसी ही एक परिस्थिति के दौरान ओंकार जी के नेतृत्व में सम्मेलन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मेघालय के राज्यपाल से मुलाकात की। करीब एक दशक पूर्व मधुसूदन जी के आवास पर एक अनौपचारिक चर्चा के दौरान जानकारी में आई इस घटना का अक्षरशः वर्णन तो स्मरण नहीं, परंतु ओंकार जी का आवेशित मुखमंडल अभी भी याद आ रहा है। उस प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे अन्य लोग बेहतर बता पाएँगे। मेरे सुने अनुसार ओंकार जी काफी आवेश में आ गए थे और तत्कालीन पुलिस महानिदेशक ने काफी तत्परता से संज्ञान लेते हुए परिस्थिति को कठोरता से नियंत्रण करते हुए मारवाड़ी समाज की सुरक्षा सुनिश्चित की। परवर्ती काल में समाज के सम्मान-सुरक्षा के मुद्दे पर उनकी सक्रियता को मैंने स्वयं निकटता से अनुभव किया है।

*शेष अगले अंक में...*

# उपलब्धियाँ



मारवाड़ी सम्मेलन कामरुप शाखा के सदस्य एवं पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन, संविधान समिति के प्रांतीय संयोजक सीए ओम प्रकाश अग्रवाल को नार्थ ईस्ट जीएसटी प्रक्टिशनर्स एसोसिएशन (NEGPA) के संस्थापक अध्यक्ष चुने गए हैं। हार्दिक बधाई!



सुरेंद्र अग्रवाल नेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स, तिनसुकिया के नए सभापति बनें हैं।

हार्दिक बधाई!



सिंहेश्वर निवासी डॉक्टर चेतन अग्रवाल के पुत्र सक्षम अग्रवाल ने नीट की परीक्षा में कुल ७२० अंकों में ७२० अंक लाकर ऑल इंडिया टॉपर बने हैं। उन्होंने जिले सहित पूरे देश का मान बढ़ाया है। हार्दिक शुभकामनाएँ।



गुवाहाटी में हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जोरहाट के रूहान सोमानी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में रूहान ने आठ साल के बच्चों के सब जूनियर वर्ग की २५ किलो कैटेगरी में यह सफलता हासिल की। रूहान को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ!



जुगसलाई, डीकोस्टा रोड निवासी समाजसेवी दीपक अग्रवाल (रामुका) के सुपुत्र उत्कर्ष अग्रवाल ने डीबीएमएस के आईएससी कॉमर्स में ९४ प्रतिशत अंक हासिल किया है। इसी के साथ उत्कर्ष डीबीएमएस स्कूल में कॉमर्स के तीसरे स्कूल टॉपर बन गए हैं। उत्कर्ष को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ!



साहित्यकार पुनीत रंगा को उनकी राजस्थानी काव्य कृति 'मुगत आभौ' पर वर्ष २०२४ का प्रतिष्ठित दिलीप कुमार पहाड़िया राजस्थानी युवा पुरस्कार प्रदत्त किया जाएगा। पुनीत रंगा को राष्ट्रीय युवा प्रतिभा सम्मान के साथ-साथ प्रदेश एवं देश की अन्य साहित्यक संस्थाओं से भी सम्मानित किया जा चुका है। पुनीत रंगा को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ!

## सौरव कोठारी ने बाउल्कलाइन १.० का खिताब जीता




सौरव कोठारी ने स्नूकर टेबल पर असाधारण कौशल और सटीकता का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में लक्ष्मण रावत को हराकर बाउल्कलाइन १.० का खिताब जीता है। अनेकानेक बधाइयाँ!

## डन एंड ब्रैडस्ट्रीट द्वारा आयोजित सम्मेलन में वक्ता संजय जैन




हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य संजय जैन ने डन एंड ब्रैडस्ट्रीट द्वारा आयोजित 'कल के व्यावसायिक उद्यम' सम्मेलन में वक्ता थे, जिन्हें बिबेक देबरॉय, अमिताभ कांत, टी कोशी और मर्सी एपाओ जैसे दिग्गजों ने सुना।

**शाखा समाचार : संबलपुर, उत्कल**

## श्रद्धालुओं में पूड़ी-सब्जी का वितरण



१३ जून को पवित्र शीतल षष्ठी के अवसर पर सम्मेलन के संबलपुर शाखा तथा विप्र फाउंडेशन द्वारा करीब ७ हजार श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी, उपमा, खिचड़ी, टमाटर खट्टा, रसना, शीतल जल का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, सचिव महेश झाझरिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष मंगतू राम अग्रवाल, चंद्र कुमार सराफ, सुरेश टिनवाला, मंजू सराफ, हनुमान अग्रवाल, अशोक अग्रवाल गोकुल, जय दयाल अग्रवाल तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे। शिविर शक्ति चौक स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगम में प्रातः पौने ७ बजे से आरंभ होकर दोपहर २ बजे तक चला।

# सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत !

| आजीवन सदस्य | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **श्री केशव धानुका**<br>डाक बंगला रोड, ठाकुरगंज किशनगंज, बिहार | **श्री केशव जोशी**<br>रानी सती मंदिर लेन, वार्ड नं.- १२, भागलपुर, बिहार | **श्रीमती खुशबू जालान**<br>मे. ममता ड्रेसेस, पुपरी, सीतामढ़ी, बिहार | **श्रीमती खुशबू केडिया**<br>हरि नारायणपुर इनेक्लेव, मिर्जापुर, दरभंगा, बिहार | **श्रीमती खुशी खेरिया**<br>बड़ाबाजार, गांधी चौक, दरभंगा, बिहार |
| **श्री किशन शर्मा**<br>मेन रोड, सुगउली बाजार, ईस्ट चंपारण, बिहार | **श्री कृषन कुमार चोखानी**<br>मे. कृष्णा मशीनरी, त्रिवेणीगंज, बिहार | **श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल**<br>बिहार | **श्री कृष्ण कुमार चौधरी**<br>मे. कृष्णा वस्त्रालय, सब्जी मंडी रोड, मधुबनी, बिहार | **श्री कृष्ण कुमार ड्रोलिया**<br>सुगर मील रोड, हसनपुर, समस्तीपुर, बिहार |
| **श्रीमती कुंति देवी**<br>वार्ड नं.-५, हसनपुर बाजार, समस्तीपुर, बिहार | **श्री लक्ष्मी अग्रवाल**<br>मे. देव लाइट हाउस, सालमारी, कटिहार, बिहार | **श्रीमती लक्ष्मी देवी अग्रवाल**<br>सालमारी, कटिहार, बिहार | **श्री ललित अग्रवाल**<br>मे. राहुल ट्रेडार्स, पूर्णिया, बिहार | **श्री लभ अग्रवाल**<br>मे. लव अग्रवाल एंड क. कटिहार, बिहार |
| **श्री लक्ष्मी नारायण बाजाज**<br>गुलाबबाग, पूर्णिया, बिहार | **श्रीमती लवली अग्रवाल**<br>सालमारी, कटिहार, बिहार | **श्री माधव दारुका**<br>मे. सेठानी मेगा मार्ट, मिर्जापुर, दरभंगा, बिहार | **श्री महेश धानुका**<br>गांधी चौक, बड़ाबाजार दरभंगा, बिहार | **श्री महेश कुमार लाखोटिया**<br>मे. श्रीराम ट्रेडर्स, समस्तीपुर, बिहार |
| **श्री माखन लाल अग्रवाल**<br>वार्ड नं.-६, दुर्गास्थान, बिहारीगंज, मधेपुरा, बिहार | **श्रीमती ममता अग्रवाल**<br>मे. बजरंग स्टोर, पो-सालमारी कटिहार, बिहार | **श्री मनीष अग्रवाल**<br>मे. वेंकटेस वस्त्रालय, कटकी बाजार, दरभंगा, बिहार | **श्री मनीष कुमार**<br>मे. आनंद टेक्सटाइल्स, पुरानी बाजार, मधेपुरा, बिहार | **श्री मनीष कुमार अग्रवाल**<br>मे. चंचल इलेक्ट्रिकल हाउस, सालमारी, कटिहार, बिहार |
| **श्री मनीष कुमार खेमका**<br>मे. खेमका मेडिकल एजेंसी, सहरसा, बिहार | **श्रीम्ती मनीषा ड्रोलिया**<br>वार्ड नं.-५, हसनपुर बाजार, रामपुर राजवा, समस्तीपुर, बिहार | **श्रीमती मंजु देवी**<br>वार्ड नं.-५, हसनपुर बाजार, रामपुर राजवा, समस्तीपुर, बिहार | **श्री मनोज अग्रवाल**<br>सालमारी, कटिहार, बिहार | **श्री मनोज बाइरोलिया**<br>डोनर रोड, श्री बजाज, दरभंगा, बिहार |
| **श्री मनोज काटारूका**<br>गांधी नगर, पुराणी बाजार, कहलगाँव भागलपुर, बिहार | **श्री मनोज कुमार अग्रवाल**<br>पो. सालमारी, कटिहार, बिहार | **श्री मनोज कुमार अग्रवाल**<br>कम्युनिकेशन सिटी, पी.एन.बी. बैंक के पास, बक्सर, बिहार | **श्री मनोज कुमार अग्रवाल**<br>विनोदपुर, पावर हाउस रोड, कटिहार, बिहार | **श्री मनोज कुमार अग्रवाल**<br>मे. श्री मनोज टेक्सटाइल्स, बालाजी कम्पलेक्स, कटिहार, बिहार |
| **श्री मनोज कुमार अग्रवाल**<br>मे. ओम प्रकाश अग्रवाल, सालमारी, कटिहार, बिहार | **श्री मनोज कुमार अग्रवाल**<br>ठाकुरबाड़ी मंदिर के पास, ठाकुरगंज, किशनगंज, बिहार | **श्री मनोज कुमार ड्रोलिया**<br>हसनपुर बाजार, रामपुर राजवा, समस्तीपुर, बिहार | **श्री मनोज कुमार जालान**<br>मे. एम.के. ड्रग्स, बकाली बस्ती, किशनगंज, बिहार | **श्री मनोज कुमार जालान**<br>मे. मनोज वस्त्रालय, मेन रोड, सीतामढ़ी, बिहार |
| **श्री मनोज कुमार केजरीवाल**<br>मे. रौनक फॉर्मा, झंझारपुर, वार्ड नं.-४ मधुबनी, बिहार | **श्री मनोज कुमार मोर**<br>ठाकुरगंज, किशनगंज, बिहार | **श्री मनोज कुमार सोंथलिया**<br>मे. शंकर सर्विस स्टेशन, कहलगाँव, भागलपुर, बिहार | **श्री मनोज कुमार सोंथलिया**<br>गांधी नगर, पो. कहलगाँव, भागलपुर, बिहार | **श्री मयांक अग्रवाल**<br>मे. अग्रवाल कम्प्यूटर, महिला कॉलेज रोड, कटिहार, बिहार |
| **श्रीमती मीना केजड़ीवाल**<br>टावर चौक, पुपरी, सीतामढ़ी, बिहार | **श्रीमती मीना कुमार सोनी**<br>मे. न्यू सोनी ज्वेलर्स, मेन रोड, मधेपुरा, बिहार | **श्री मोहित केजरीवाल**<br>मे.शंकर वस्त्रालय, मेन रोड, पुपरी, सीतामढ़ी, बिहार | **श्रीमती मोनल जैन**<br>जैन मंदिर के पास, किशनगंज, बिहार | **श्री मुकेश कुमार अग्रवाल**<br>मे. मुकेश स्टोर, सुभाष चौक, मेन रोड, मधेपुरा, बिहार |
| **श्री मुकेश कुमार केजरीवाल**<br>स्टेशन रोड, झंझारपुर, मधुबनी, बिहार | **श्री मुकेश पटवारी**<br>गुरुबाजार, कटिहार, बिहार | **श्री मकुंद बैरलिया**<br>मारवाड़ी स्कूल रोड, मसरफ बाजार, दरभंगा, बिहार | **श्री मुकुंद कुमार**<br>मालीपुर रोड, मराची उजागढ़, हसनपुर, समस्तीपुर, बिहार | **श्री मुन्ना लाल केडिया**<br>भवानीपुर, राजधाम, पूर्णिया, बिहार |
| **श्री मुरारी कुमार अग्रवाल**<br>जवाहर चौक, बिहारीगंज, मधेपुरा, बिहार | **श्री मुरारी कुमार अग्रवाल**<br>मे. अग्रवाल आयरन स्टोर, मेन रोड, मधेपुरा, बिहार | **श्री मुरारी लाल अग्रवाल**<br>नेहरू रोड, ठाकुरगंज, किशनगंज, बिहार | **श्री नंद किशोर अग्रवाल**<br>मस्तान चौक के पास, ठाकुरगंज, किशनगंज, बिहार | **श्री नंद कुमार सोमानी**<br>शास्त्री चौक, बिहारीगंज, मधेपुरा, बिहार |
| **श्री नरेंद्र कुमार शर्मा**<br>हसनपुर रोड, समस्तीपुर, बिहार | **श्री नरेश कुमार ड्रोलिया**<br>मे. राधा ट्रेडिंग कं., हसनपुर बाजार, समस्तीपुर, बिहार | **श्री नवीन कुमार अग्रवाल**<br>वार्ड नं.-१२, हसनपुर बाजार, समस्तीपुर, बिहार | **श्री नवरतन अग्रवाल**<br>नेहरू रोड, ठाकुरगंज, किशनगंज, बिहार | **श्री नवल किशोर ड्रोकानिया**<br>आमला टोला, कटिहार, बिहार |
| **श्रीमती नीलम देवी**<br>वार्ड नं.-७, पूरानी बाजार, मधेपुरा, बिहार | **श्री नीलम केजरीवाल**<br>प्रो. श्याम अलंकार, पुपरी, सीतामढ़ी, बिहार | **श्रीमती नेहा पीसारी**<br>मनहरनलाल मोहाल्ला, भगवान दास, लालबाग, दरभंगा, बिहार | **श्री निहाल अग्रवाल**<br>नेहरू रोड, किशनगंज, बिहार | **श्री निलेश साह**<br>नदिया टोला, कहलगाँव, भागलपुर, बिहार |
| **श्री नीरज कुमार**<br>टावर चौक, पुपरी, सीतामढ़ी, बिहार | **श्री नीरज कुमार खेमका**<br>मे. नीरज ट्रेडिंग कं., सोनाली चौक, पूर्णिया, बिहार | **श्री निरंजन कुमार अग्रवाल**<br>भवानीपुर, राजधाम, पूर्णिया, बिहार | **श्री नितिन जालान**<br>मंगला गली, पुपरी, सीतामढ़ी, बिहार | **श्री ओम प्रकाश अग्रवाल**<br>बिहार |
| **श्री ओम प्रकाश डागा**<br>बिहारीगंज, मधेपुरा, बिहार | **श्री ओम प्रकाश खेतान**<br>मे. श्याम वस्त्रालय, गोल बाजार, मुरलीगंज, मधेपुरा, बिहार | **श्री पल्लव कुमार अग्रवाल**<br>मे. मारुती स्टोर, त्रिवेनीगंज, बिहार | **श्री पंकज कुमार ड्रोलिया**<br>२०, सुगर मील चौक, हासानपुर, समस्तीपुर, बिहार | **श्री पंकज कुमार शर्मा**<br>वारिसलीगंज, नवादा, बिहार |
| **श्री पारस मल सोनी**<br>मे. न्यू सोनी ज्वेलर्स, मेन रोड, मधेपुरा, बिहार | **श्री पवन कुमार**<br>केशव चौक, महेशखूँट खगरिया, बिहार | **श्री पवन कुमार अग्रवाल**<br>मे. पवन क्लोथ स्टोर, सालमारी, कटिहार, बिहार | **श्री पवन कुमार धानुका**<br>कचरीपाढ़ा, ठाकुरगंज, किशनगंज, बिहार | **श्री पवन कुमार ड्रोलिया**<br>हसनपुर बाजार, रामपुर राजवा, समस्तीपुर, बिहार |
| **श्री पवन कुमार लढा**<br>मे. तुलसी, मेन रोड, मधेपुरा, बिहार | **श्री पवन मित्तल**<br>आजाद चौक, पुपरी, सीतामढ़ी, बिहार | **श्री पिंकी गुप्ता**<br>मे. गुप्ता प्लाई हाउस, दिनार चौक, दरभंगा, बिहार | **श्रीमती पिंकी बाजोरिया**<br>प्रो. जानकी ट्रेडर्स, विद्यापति चौक, पुपरी, सीतामढ़ी, बिहार | **श्री पिंटू कुमार साहा**<br>वार्ड नं.-८, मुरलीगंज, मधेपुरा, बिहार |
| **श्री पिंटू कुमार वर्मा**<br>ऋद्धि-सिद्धि कॉलोनी, बड़ाबाजार, दरभंगा, बिहार | **श्रीमती पूनम अग्रवाल**<br>मे. साह सिमेंट संटर त्रिवेणीगंज, बिहार | **श्रीमती पूनम देवी**<br>सहारा इंडिया कैंपस, सुगर मील रोड, हसनपुर, समस्तीपुर, बिहार | **श्री प्रभात खेतान**<br>मे. शक्ति साड़ी, बड़ाबाजार, दरभंगा, बिहार | **श्री प्रभात कुमार वर्मा**<br>मे. अशोक ज्वेलर्स, स्टेशन रोड, भागलपुर, बिहार |


Match it BY Softline
www.softlinegirl.com
Follow us on
Every shade under the Sun.
scan here
LEGGINGS
Also available in:
Leggings | Palazzos | Pants
From the house of RUPA

REGISTERED Postal Registration
No. KOLRMS/93/2024-2026
Date of Publication - 27th June, 2024
RNI Regd. No. 2866/1968




From :
**All India Marwari Federation**
4B, Duckback House
41, Shakespeare Sarani, Kolkata-17
Phone : (033) 4004 4089
E-mail : aimf1935@gmail.com